CMYK CMYK



हरियाणा के राज्यपाल ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



रूस में सुनामी मीलों तक भरा पानी; घर-इमारतें डूबीं

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक -218 | रायपुर | गुरूवार 31 जुलाई 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

### शिवाजी महाराज की मुगलों के खिलाफ लड़ाई में उनकी सेना का युद्धघोष 'हर हर महादेव' ही था

# पीओके कांग्रेस ने दिया, लेकिन भाजपा सरकार इसे वापस लाएगी : अमित शाह

### 'पहलगाम के पीड़ित परिजनों ने कहा था कि इनके सिर में गोली मारिएगा... ठीक वैसा ही हुआ',राज्यसभा में बोले शाह

नईदिल्ली संवाददाता

राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया. उन्होंने अपने भाषण में ऑपरेशन महादेव का भी जिक्र किया. शाह ने कहा कि पहलगाम हमले के आतंकियों को सेना ने ढेर कर दिया है. गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि ऑपरेशन महादेव में मारे गए तीन आतंकवादियों की पहचान से साफ होता है कि पहलगाम हमले में लश्कर-ए-तैयबा का हाथ था. शाह ने कहा मैं सदन के माध्यम से कल हुए ऑपरेशन महादेव की जानकारी पूरे देश को देना चाहता हूं. कल ऑपरेशन महादेव में सुलेमान, अफगान और जिब्रान नाम के तीन आतंकवादी- सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में मारे गए.



शिवाजी महाराज की मुगलों के खिलाफलड़ाई में उनकी सेना का युद्धघोष 'हर हर महादेव' ही था, चव्हाण के बयान पर अमित शाह का पलटवार- अमित शाह ने कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण के एक बयान का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने कहा था कि मोदी सरकार को ऑपरेशन का धार्मिक नाम रखने के अलावा कुछ नहीं आता। इसके जवाब में गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को यह नहीं मालूम है कि शिवाजी महाराज ने मुगलों के खिलाफजो लड़ाई लड़ी थी, उनकी सेना का युद्धघोष ''हर हर महादेव'' ही था।

राज्यसभा में अमित शाह ने कहा कांग्रेस ने पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (PoK) पाकिस्तान को दिया लेकिन भाजपा सरकार उसे वापस लेगी. उन्होंने कहा कि आज इस सदन में खड़े होकर मैं वादा करता हूं कि जम्मू-कश्मीर आतंकवाद से मुक्त होगा. यह नरेंद्र मोदी सरकार का संकल्प है. शाह ने कहा इस तरह के बर्बर अपराध कभी नहीं हुए, जहां लोगों को महिलाओं, बच्चों के सामने मारने से पहले उनका धर्म पूछा गया. कांग्रेस की प्राथमिकता राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं बल्कि राजनीति है. वह वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त है.

**आतंकियों के हथियार बरामद- अमित शाह** राज्य सभा में शाह ने कहा सुलेमान, लश्कर-ए-तैयबा का ए श्रेणी का कमांडर था. पहलगाम और गगनगीर आतंकी हमले में वह लिप्त था, इसके बहुत सारे सबूत हमारी एजेंसियों के पास हैं. अफगान और जिब्रान भी ए श्रेणी के आतंकवादी थे. गृह मंत्री ने बताया कि पहलगाम में आतंकियों ने जिन हथियार का इस्तेमाल किया था उसे बरामद किया गया है. उनकी जांच की गई. उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि आतंकियों ने उन्ही रायफल्स का इस्तेमाल हमले के लिए किया था. उन्होंने कहा कि कारतूस भी बरामद हुए हैं जिनका इस्तेमाल किया गया था.

**कांग्रेस पर बोला हमला** अमित शाह ने कांग्रेस नेता और पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम के दो दिन पहले के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ने उनके इस्तीफे की मांग की और प्रश्न किया कि सरकार के पास क्या सबूत हैं कि पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले पाकिस्तानी आतंकवादी थे. गृह मंत्री ने कहा कि वह इस सदन के माध्यम से चिदंबरम से पूछना चाहते हैं कि वह किसे बचाना चाहते थे, पाकिस्तान को, लश्कर-ए-तैयबा को या आतंकवादियों को।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश, 2 पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर

श्रीनगर,एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बुधवार को सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सुरक्षा बलों ने 2 पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया है। आतंकियों की अभी पहचान नहीं हुई है। एलओसी के पास संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि का पता चलने के बाद भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुंछ के देघवार सेक्टर में तलाशी अभियान चलाया था। इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

सेना के अधिकारियों ने बताया कि इलाके में संदिग्ध गतिविधि का पता चलने पर जब तलाशी अभियान चलाया गया तो गोलीबारी शुरू हो गई। गोलीबारी का जवाब दिया गया, जिसके बाद जंगलों से 2 शव बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि आतंकी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इलाके की घेराबंदी के लिए अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है।

### लालू यादव को सुप्रीम कोर्ट से झटका,

## लैंड फॉर जॉब स्कैम केस में कार्यवाही पर रोक से इनकार

संवाददाता



**नई दिल्ली** । नौकरी के बदले जमीन (लैंड फॉर जॉब) घोटाले में फंसे राष्ट्रीय जनता दल (RJD) सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें एक और बड़ा झटका देते हुए निचली अदालत में चल रही मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया है।

शीर्ष अदालत ने लालू यादव की याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि इस मामले से जुड़ी एक याचिका पहले से ही दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने टिप्पणी की कि निचली अदालत द्वारा आरोप तय किया जाना, दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित याचिका पर आने वाले फैसले पर निर्भर करेगा।

यह मामला साल 2004 से 2009 के बीच का है, जब लालू प्रसाद यादव केंद्र में रेल मंत्री थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) का आरोप है कि इस दौरान रेलवे के ग्रुप 'डी' पदों पर भर्ती के लिए नियमों को ताक पर रखकर कई लोगों को नौकरी दी गई। इसके बदले में आवेदकों से उनकी जमीनें लालू यादव के परिवार के सदस्यों और करीबियों के नाम पर लिखवाई गईं। लालू यादव की ओर से उनके वकील मुदित गुप्ता ने अर्जी दाखिल कर 12 अगस्त तक ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही स्थगित करने की मांग की थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया। बता दें कि इससे पहले 18 जुलाई को भी शीर्ष अदालत ने लालू की ऐसी ही एक याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी।

सीबीआई इस हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रही है और दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में लालू यादव, उनके परिवार के सदस्यों समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है।

### अभिनेता प्रकाश राज हैदराबाद में ईडी के सामने पेश हुए, ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में पूछताछ



**हैदराबाद, एजेंसी।** बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर अभिनेता प्रकाश राज बुधवार को तेलंगाना के हैदराबाद में प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर पहुंचे हैं। उनसे ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के कथित प्रचार के सिलसिले में पूछताछ हुई। प्रकाश राज उन 29 हस्तियों में शामिल हैं, जिनका नाम साइबराबाद पुलिस द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी में है। प्राथमिकी में कई अभिनेताओं और प्रभावशाली लोगों पर ऑनलाइन विज्ञापनों के जरिए सट्टेबाजी ऐप का प्रचार करने का आरोप है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रकाश राज जंगली रमी नामक एक गेमिंग ऐप से जुड़े थे। उन्होंने ऐप का 2016 में प्रचार किया था। अभिनेता यह पहले भी बता चुके हैं कि 2017 में यह एहसास होने के बाद कि ऐप का विज्ञापन सही नहीं, उन्होंने इससे अपने हाथ पीछे खींच लिए थे और तब से किसी भी गेमिंग ऐप का प्रचार नहीं किया। ईडी हस्तियों से जुड़े वित्तीय लेनदेन और डिजिटल ट्रेल्स की भी जांच कर रही है।

# कांग्रेस ने आतंकवाद को सामान्य बनाया और पाकिस्तान को पीड़ित

### जयशंकर ने कहा-खून और पानी एक साथ नहीं बहेंगे

नईदिल्ली संवाददाता

संसद के मानसून सत्र में बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में कांग्रेस को जमकर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आतंकवाद को सामान्य बना दिया है और पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर पीड़ित के रूप में पेश किया है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच कोई बात नहीं है। उन्होंने मध्यस्थता की बात को अस्वीकारा है।

एस जयशंकर ने राज्यसभा में कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आतंकवाद के मुद्दे को वैश्विक एजेंडे में मजबूती से रखने में सफल रहा है। हमने आतंकवाद को वैश्विक एजेंडे में रखा है। उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि उनके समय में आतंकवाद हमेशा सामान्य बात रही और पाकिस्तान को पीड़ित की तरह बताया गया। जयशंकर ने कहा कि पिछली गलतियों तो अब सुधारा जा रहा है।



जयशंकर ने राज्यसभा में कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, तो कई देश यह आकलन करने के लिए भारत के साथ संपर्क में थे कि स्थिति कितनी गंभीर है और यह कब तक जारी रह सकती है। उन्होंने आगे कहा, हमने उन सभी देशों को एक ही संदेश दिया था कि हम किसी भी मध्यस्थता के लिए तैयार नहीं हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी मामले को केवल द्विपक्षीय रूप से ही निपटाया जाएगा। जयशंकर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच किसी भी फोन पर बातचीत नहीं हुई। उन्होंने कथित राजनयिक हस्तक्षेप के बारे में अटकलों और गलत सूचनाओं का खंडन किया। जयशंकर ने कहा, मैं उनको कहना चाहता हूं, वो कान खोलकर सुन लें, 22 अप्रैल से 16 जून तक राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच एक भी फोन कॉल नहीं हुई थी।

### अलकायदा से जुड़ी 30 वर्षीय संदिग्ध आतंकी महिला बेंगलुरु से गिरफ्तार, गुजरात एटीएस ने पकड़ा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** गुजरात की आतंकवाद निरोधी दस्ते ने अलकायदा से जुड़ी एक 30 वर्षीय आतंकी महिला को गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान शमा परवीन के रूप में हुई है। महिला अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट से जुड़े आतंकी मॉड्यूल की मुख्य साजिशकर्ता है, उसे गुप्त सूचना के बाद कर्नाटक के बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया है। परवीन पर पूरे मॉड्यूल को चलाने का आरोप है। वह कर्नाटक से एक्यूआईएस संचालन का समन्वय करने वाली मुख्य संचालक थी। रिपोर्ट के मुताबिक, परवीन को गिरफ्तार करने से पहले एटीएस 23 जुलाई को 4 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सभी की उम्र 20 से 25 साल के बीच है।

## इसरो नासा ने मिलकर रचा इतिहास, सबसे महंगा और पावरफुल सैटेलाइट निसार किया लॉन्च

नई दिल्ली.एजेंसी

नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार सैटेलाइट लॉन्च कर दिया गया है. जीएसएलवी-एफ 16 रॉकेट सैटेलाइट ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी. निसार सैटेलाइट नासा और इसरो का संयुक्त मिशन है. दोनों स्पेस एजेंसियों ने साथ मिलकर इसे विकसित किया है. यह पूरी धरती पर नजर रखेगा. हालांकि, इसरो ने पहले भी रिसोर्ससैट और रीसेट सहित पृथ्वी पर नजर रखने वाले सैटेलाइट लॉन्च किए हैं, लेकिन ये सैटेलाइट केवल भारतीय क्षेत्र की निगरानी करने तक ही सीमित थे. नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार)) दुनिया का पहला रडार सैटेलाइट है.



जो अंतरिक्ष से पृथ्वी को व्यवस्थित तरीके से मैप करेगा. इतना ही नहीं, यह पहला ऐसा सैटेलाइट है, जो दोहरे रडार बैंड (एल-बैंड और एस-बैंड) का यूज करता है ताकि यह अलग-अलग तरह की पर्यावरणीय और भूवैज्ञानिक परिस्थितियों की निगरानी कर सकता है. अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद यह सैटेलाइट निम्न पृथ्वी कक्षा में चक्कर लगाएगा. निसार तीन साल तक अंतरिक्ष में रहकर पृथ्वी की निगरानी करेगा.

निसार एक हाई-टेक सैटेलाइट है. इसका पूरा नाम NASA-ISRO सिंथेटिक एपर्चर रडार है. इसे अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो ने मिलकर बनाया है. इस मिशन पर 1.5 बिलियन डॉलर यानी करीब 12,500 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

राज्य | गोपनीय और भ्रामक जानकारी के प्रसार के खतरे

## भारत बना अमेरिका के लिए मुख्य स्मार्टफोन निर्यातक, चीन को पीछे छोड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली**. एक ऐतिहासिक मोड़ पर, भारत ने पहली बार चीन को पीछे छोड़कर अमेरिका का सबसे बड़ा स्मार्टफ ोन निर्यातक देश बनने का गौरव हासिल कर लिया है. रिसर्च फर्म Canalys के अनुसार, 2025 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में 44त स्मार्टफोन जो अमेरिका भेजे गए, वे भारत में निर्मित थे – जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या केवल 13% थी. इस भारी छलांग का प्रमुख कारण है Apple की China-Plus-One रणनीति, जिसके तहत कंपनी ने iPhone की असेंबली का भारी हिस्सा भारत में शिफ्ट कर दिया. यह कदम विशेष रूप से iPhone 16 और अन्य मॉडल के उत्पादन के लिए किया गया है, जिससे अब अमेरिका में बिकने वाले iPhones का अधिकांश हिस्सा भारत से ही सप्लाई हो रहा है . **आंकड़ों की गहराई और बदलाव का स्वरूप** – इसी अवधि में भारत में मोबाइल उत्पादन में 240% की वृद्धि दर्ज की गई है, जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बदलती भूमिका को दर्शाता है . **दूसरी ओर, चीन की हिस्सेदारी में भारी गिरावट आई** — चीन अब केवल 25% अमेरिकी स्मार्टफ ोन आयात का हिस्सा है, जबकि वर्ष पहले यह 61% से गिरा है . वियतनाम ने भी इस बदलाव का लाभ उठाया है, और अब अमेरिका में स्मार्टफ ोन सप्लाई में दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बन रहा है, लगभग 30% हिस्सेदारी के साथ . विश्लेषकों के अनुसार, इस परिवर्तन के पीछे भारतीय विनिर्माण घातांक, लागत फायदे, और Apple सहित अन्य कंपनियों का वैश्विक व्यापार जोखिम को कम करना प्रमुख कारण हैं।



# डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर लगाया 25 फीसदी टैरिफ, एक अगस्त से होगा लागू

एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। ट्रंप का यह फैसला आगामी 1 अगस्त से लागू हो जाएगा। ट्रंप ने बुधवार को सोशल प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर इसकी घोषणा करते हुए कहा है कि अमेरिका 1 अगस्त से भारत से आयात होने वाले उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। वहीं ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर जुर्माना लगाने का भी ऐलान किया है।

ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा कि दोस्त होने के बावजूद भारत और अमेरिका के बीच कम व्यापार ही हुआ है। ट्रंप ने लिखा, ÷याद रखें, भारत हमारा दोस्त है, लेकिन पिछले कुछ सालों में हमने उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है क्योंकि वे बहुत ज्यादा टैरिफ लगाते हैं। उनके दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और दुनिया में किसी भी देश की तुलना में भारत में सबसे कठोर ट्रेड बैरियर्स हैं।÷

अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि भारत हमेशा से अपने ज्यादातर सैन्य उपकरण रूस से खरीदता और चीन की तरह, रूस के साथ सबसे ज्यादा व्यापार करता है। ट्रंप ने लिखा, ÷ऐसे समय में जब हर कोई चाहता है कि रूस यूक्रेन में युद्ध को रोके, यह सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को एक अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ के अलावा और जुर्माना भी देना होगा।÷ वहीं ट्रंप ने एक अलग पोस्ट में कहा कि अमेरिका का भारत के साथ व्यापार घाटा बहुत अधिक है। हालांकि, ट्रम्प ने भारत को लेकर कोई आधिकारिक चिट्ठी जारी नहीं की है, जैसा कि वे पहले अन्य देशों के लिए कर चुके हैं। बता दें कि ट्रम्प प्रशासन ने 2 अप्रैल को 100 से अधिक देशों पर टैरिफ लगाया था, जिसमें भारत पर भी 26त टैरिफ तय किया गया था। हालांकि, इस पर अमल को बाद में 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस दौरान ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने में अहम भूमिका निभाई है।





### जून में अमरिका को निर्यात 23 प्रतिशत बढ़ा

ताजा आंकड़ों की बात करें तो अमेरिका को भारत की ओर से सामान का निर्यात जून 2025 में 23.53 प्रतिशत बढ़कर 8.3 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान अमेरिका से आयात 10.61 प्रतिशत घटकर लगभग 4 अरब डॉलर रहा। अप्रैल-जून 2025 के दौरान अमेरिका को भारत से निर्यात 22.18 प्रतिशत बढ़कर 25.51 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान आयात 11.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 12.86 अरब डॉलर रहा। वित्त वर्ष 2025 में अमेरिका से भारत में 5.45 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) आया।

## यूरोप में घिरा इजरायल, नीदरलैंड ने 2 मंत्रियों पर लगाया बैन, फ्रांस-ब्रिटेन भी दे रहे झटका

एजेंसी।

**जेरूसलम** । गाजा में हमास के खिलाफ करीब दो साल से जारी जंग के कारण इजरायल को यूरोपीय देशों में अब कड़े विरोध और राजनयिक अलगाव का सामना करना पड़ रहा है। एक के बाद एक यूरोपीय देश इजरायल के खिलाफ कड़े कदम उठा रहे हैं। इसी क्रम में नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टरपंथी मंत्रियों की एंट्री पर बैन लगा दिया है, तो वहीं फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देश फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देने पर विचार कर रहे हैं।

यूरोपीय देशों के बीच इजरायल पर सबसे सख्त कार्रवाई नीदरलैंड ने की है। डच सरकार ने इजरायली विदेश मंत्री बेजालेल स्मॉट्रिक और राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर के देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। नीदरलैंड के विदेश मंत्री कासपर वालदेकाम्प ने सांसदों को भेजे एक पत्र में कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि इन दोनों इजरायली नेताओं ने फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले बयान दिए हैं, जिससे गाजा के हालात और ज्यादा बिगड़े हैं। इसके अलावा नीदरलैंड, इजरायली राजदूत मोदी एफरैम को भी तलब करेगा।

इजरायल का संकट यहीं खत्म नहीं होता। फ्रांस ने खुलकर फिलिस्तीन को मान्यता देने की बात कही है, जबकि ब्रिटेन का भी कहना है कि अगर गाजा में जंग नहीं रुकी तो वह भी इस तरह के कदम पर विचार कर सकता है। कई यूरोपीय देशों ने मिलकर इजरायल के लिए रिसर्च फंडिंग में भी कटौती का ऐलान किया है। इन तमाम घटनाक्रमों से यह साफ है कि गाजा युद्ध को लेकर इजरायल यूरोपीय देशों के बीच अकेला पड़ता जा रहा है।

CMYK CMYK

# ग्रीन स्टील एवं माइनिंग समिट 2025 : अरुण साव शामिल हुए सीआईआई - ग्रीन स्टील एवं माइनिंग समिट 2025 के दूसरे दिन

रायपुर

नया रायपुर स्थित मायफेयर लेक रिसॉर्ट में भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा आयोजित ग्रीन स्टील एवं माइनिंग समिट 2025 के दूसरे दिन भी जिम्मेदारी पूर्ण खनन और हरित स्टील निर्माण पर सारगर्भित परिचर्चाएं और रणनीतिक सत्र जारी रहे।

यह प्रभावशाली शिखर सम्मेलन भारत और विदेशों से आए 400 से अधिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिनमें अमेरिका, दक्षिण कोरिया, फिनलैंड, जर्मनी और स्वीडन जैसे देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल थे। यह समिट स्टील और खनन मूल्य श्रृंखला से जुड़े विभिन्न हितधारकों—नीति निर्माता, तकनीकी नवोन्मेषक, स्थिरता विशेषज्ञ, शोधकर्ता और उद्योग जगत के अग्रणी उद्योगपतियों—को एक साथ लाया ताकि भारत के स्टील क्षेत्र के डीकार्बोनाइजेशन और




हरित परिवर्तन की दिशा में रोडमैप तैयार किया जा सके।

दिन की शुरुआत ÷स्टील विनिर्माण में उपयोगिताओं की परिचालन श्रेष्ठ विधियाँ÷ विषय पर आधारित तकनीकी सत्र से हुई, जिसमें राष्ट्रीय और वैश्विक तकनीकी विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (CSIDC) के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल ने विशेष संबोधन दिया। उन्होंने सतत औद्योगिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए सीएसआईडीसी की भूमिका, राज्य-स्तरीय औद्योगिक सुविधा, स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और नवाचार पर बल दिया।

इसके पश्चात खनिज संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सचिव श्री पी. दयानंद, आईएएस ने उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने सतत एवं ज़िम्मेदारी पूर्ण खनन के लिए सरकार की रणनीतिक



दृष्टि को साझा किया तथा खनन क्षेत्र में तंत्र को सरल, पारदर्शी एवं कुशल बनाने हेतु किये जा रहे सुधारों की जानकारी दी।

अगले सत्र में ÷जिम्मेदारी पूर्ण खननः हरित स्टील की ओर पहला कदम÷ विषय पर तकनीकी सत्र में खनन निदेशक श्री रजत बंसल, आईएएस ने अपने विचार रखे। उन्होंने खनन कार्यों में सततता के समावेशन और हाल की पहलों जैसे प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील खनिज विकास में निजी निवेश को आकर्षित करने पर बल दिया।

दूसरे दिन कुल 8 तकनीकी सत्र, एक उच्चस्तरीय सीईओ फोरम (पूर्व चेयरमैन एवं उद्योग विशेषज्ञों सहित) और विशेषज्ञ वक्ताओं के विचार-विमर्शों से समिट ने ग्रीन स्टील और खनन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सहयोग और संवाद का एक प्रभावशाली मंच प्रस्तुत किया।

## भर्रेगांव की नशा मुक्त समाज, स्वस्थ समाज जिले एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिये अनुकरणीय




**राजनांदगांव।** नशा मुक्त समाज, स्वस्थ समाज, प्रगतिशील समाज इसी को चरितार्थ करते हुए राजनांदगांव जिले से महज 10 किलोमीटर दूर राजनांदगांव विधानसभा अंतर्गत ग्राम भर्रेगांव के ग्रामीणजनों,समाज प्रमुख, पंचायत परिवार एवं पुलिस चौकी सुरगी की जन जागरूकता एवं त्वरित कार्रवाई एवं ग्रामीणों की जागरूकता से बीते माह से एक अच्छा माहौल देखने को मिल रहा है। ग्राम भर्रेगांव के ग्रामीण जन छोटे-छोटे बच्चे भी नशे के आदि डूबते जा रहे थे जिसको देखते हुए ग्रामीण जनों ने ठोस कदम उठाते हुए नशा मुक्त गांव बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है जो पूरे जिले राजनांदगांव व छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक (अनुकरणीय) प्रेरणादाई है।

***पुलिस चौकी सुरगी थाना प्रभारी ने कहा*****

सुरगी पुलिस चौकी के थाना प्रभारी ने कहा कि अगर मुझ तक शिकायत आती है और क्षेत्र में कहीं भी शराब बिक्री होती है तो बेचने वालों पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। माह भर पहले ग्राम भर्रेगांव में शराब बिक्री जोरो से चल रहा था. शराब कोचीयो का बल्ले बल्ले था। यह ग्राम भर्रेगांव पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा स्पीकर, राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

# स्वास्थ्य मंत्री सपत्नी पहुंचे रामानुजगंज, बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के सेवा कार्य में हुए सम्मिलित

बलरामपुर लोकशक्ति

रामानुजगंज बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के द्वारा श्रावण महीने में झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावड़ यात्रियों के रूकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में की गई है जहां आज बाबा बैजनाथ धाम जाने के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सपत्नी रुके। उन्होंने सेवा कार्यों की जमकर सराहना की। नगर मांगलिक भवन में बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में नगर वासियों के द्वारा आतिशबाजी फुल माला के साथ स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया गया। नगर के पुजारीयो के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शंख ध्वनि के के साथ स्वास्थ्य मंत्री को विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की मांगलिक भवन में पूजा अर्चना कराई गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की



सीमा पर कन्हर नदी के तट पर स्थित रामानुजगंज में सेवा, श्रद्धा, समर्पण भाव से नगर वासियों के द्वारा कावड़ यात्रियों की सेवा की जा रही है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ दूर दराज गांव एवं शहर से लोग 200 से 700 किलोमीटर दूरी तय करके रामानुजगंज तक पहुंचते है।यहां पर जिस प्रकार से एक साथ 300 से अधिक लोगों के लिए भोजन एवं रुकने की प्रतिदिन व्यवस्था की जा रही है इससे कावड़ यात्रियों को बहुत राहत मिल रही है एवं उनके आगे की रास्ता आसान हो रहा है। बाबा बैजनाथ धाम कावर सेवा समिति के प्रमुख एव नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि नगर वासियों के सहयोग से यहां यह व्यवस्था संचालित हो रही है। हम सब का सौभाग्य है की कावड़ यात्रियों की सेवा का मौका हमें मिल रहा है एवं उत्साह के साथ कावड़ यात्री यहां रुक रहे हैं।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचिए को किया गिरफ्तार

**भाटापारा, लोकशक्ति।** समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार। समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर की सहायता से अपराधिक कृत्यों में संलिप्त आरोपियों की घरपकड़ में मिल रही है, लगातार कामयाबी। आरोपी को ग्राम खोखली में शराब के सांथ रंगे हाथों किया गया गिरफ्तार। आरोपी से 3400 कीमत मूल्य का 34 पाव देशी मसाला शराब किया गया जप्त। किसी भी प्रकार की शिकायत, सूचना अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में करें प्रदान पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 28.07.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना भाटापारा ग्रामीण की पुलिस टीम द्वारा ग्राम खोखली में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 3400 कीमत मूल्य का 34 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है।

# धमतरी में लाखों की चोरी का पर्दाफाश: यूपी के दो शातिर चोर गिरफ्तार, आभूषण व सामान बरामद

**धमतरी,** । सिटी कोतवाली पुलिस ने लाखों की चोरी के एक मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए उत्तर प्रदेश के दो अंतर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बीते मई माह में धमतरी के एक सुनसान मकान को निशाना बनाकर नकदी और कीमती आभूषण चुरा लिए थे।

पुलिस अधीक्षक धमतरी के सख्त दिशा-निर्देशों के तहत अपराध की त्वरित जांच करते हुए पुलिस टीम ने आधुनिक तकनीकी साधनों और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए दोनों युवक उत्तर प्रदेश के बंदायूँ जिले के निवासी हैं।

**चोरी की वारदात का पूरा मामला**

घटना 6 मई 2025 की है जब सोरिद नगर निवासी राजू सालोमान अपने परिवार के साथ रायपुर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। अगले दिन जब घरेलू सहायिका सुबह घर पहुंची, तो मुख्य दरवाजा टूटा पाया। तत्काल सूचना पर घर लौटे श्री सालोमान ने देखा कि घर के ताले तोड़कर लगभग ?40,000 की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण गायब थे।

पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी जांच के साथ-साथ मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर 28 जुलाई को पुलिस ने बस्तर रोड, पुरूर के पास से दो संदिग्धों ङ्क राजा खान (25 वर्ष) और मोहम्मद दानिश (22 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने चोरी की बात स्वीकार की।

**यह सामान बरामद हुआ** पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के सोने और चांदी के जेवरात, घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक, और घर का ताला तोड़ने के औजार भी जब्त किए हैं। बरामद जेवरातों में सोने की बालियाँ, चांदी की पायलें, करधन आदि शामिल हैं।

**जबलपुर में भी दिया था वारदात को अंजाम**

पूछताछ में यह भी सामने आया कि दोनों आरोपी 20 जुलाई को जबलपुर के तिलवारा थाना क्षेत्र में अपने तीसरे साथी सैफुद्दीन के साथ एक और चोरी को अंजाम दे चुके हैं। वहां से इन्होंने ?20,000 नकद और चांदी के जेवरात चुराए थे। चोरी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को जबलपुर रेलवे स्टेशन के पास छोड़ा गया था।

# महाकाल पालकी यात्रा में दिया जायेगा बहुमुखी समागम का संदेश

### आज मोतीपुर से निकलेगी बाबा श्री महाकाल जी की सावन पालकी यात्रा

**राजनांदगॉव** महाकाल सेना राजनांदगॉव के द्वारा बाबा श्री महाकाल पालकी यात्रा आज 31 जुलाई गुरूवार को दोपहर 01 बजे से स्थानीय बजरंगपुर नवागॉव, मोतीपुर, तुलसीपुर एवं लेबर कॉलोनी क्षेत्र में, भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर स्वरूप में, पूरे भव्यता के साथ भक्तिपूर्ण एवं गरिमामय माहौल में हर्षोल्लास से निकाली जायेगी। इस सावन पालकी यात्रा में आयोजन समिति के महाकाल भक्तगण पवन डागा, महापौर राजनांदगॉव मधुसूदन यादव, छ.ग.टूरीज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, नगर निगम अध्यक्ष पारस टोपेन्द्र वर्मा, पार्षदगण सावन वर्मा, मनोहर यादव, कमलेश बंधे, राजेश (राजू) डागा, रिभय मधुसूदन यादव, अशोक चौधरी, ऋषिदेव चौधरी, रणविजय प्रताप सिंह, राजेन्द्र यादव, मदन मंटू यादव, नरेन्द्र (मुन्ना) यादव, लाला यादव, राजेन्द्र जैन बंटू, किसुन यदु, आलोक बिंदल, संतोष पिल्ले,



शिव श्रीवास्तव, मनीष जैन, समीर श्रीवास्तव, विश्वेन्द्र प्रताप सिंह, अवधेश झा एवं साथीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

महाकाल सेना के रिभय मधुसूदन यादव ने बताया कि बाबा श्री महाकाल चन्द्रमौलेश्वर की दिव्य सवारी नगर भ्रमण हेतु पालकी यात्रा के रूप में आज 31 जुलाई दोपहर 01 बजे स्थानीय बजरंगपुर नवागॉव स्थित श्याम रेसीडेंसी के समीप शिव मंदिर से प्रारंभ होकर मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत सुभाषक्लब, गणेशपारा, शीतलापारा होते हुए ममतानगर, ठाकुर गुलाबसिंह मार्ग, लेबर कॉलोनी से होते हुए तुलसीपुर संगम चौक में सावन पालकी यात्रा विश्राम लेगी, जिससे इन क्षेत्रों के वार्डवासियों एवं धर्मप्रेमी जनता में भारी उत्साह एवं हर्ष का माहौल बना हुआ है। महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया है कि आज की महाकाल यात्रा नगरवासियों के लिये बाबा महाकाल के आशीर्वाद के साथ साथ बहुमुखी समागम का संदेश देगी, जिसमें धर्मानुराग, देशभक्ति, समाजिक एकता, पर्यावरण जागरूकता, स्वच्छता जागरूकता, छत्तीसगढ़ महतारी के कला एवं सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। बाबा की पालकी यात्रा में नगर को स्वच्छ बनाने एवं एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पौधो के वृक्ष बनने तक सुरक्षा की अपील की जायेगी। बाबा महाकाल की सावन पालकी शोभा यात्रा में आज विभिन्न श्रृंगार एवं वेशभूषाओं में सजीव शिव परिवार तथा शिवगण दर्शकों के आकर्षण का केन्द्रबिन्दु रहेंगे। विभिन्न वार्ड एवं समाज के शिवकृपापात्र भक्तजनों द्वारा बाबा की पालकी यात्रा का जगह-जगह पर भव्य स्वागत सत्कार एवं पूजा अर्चना की जायेगी। प्रभू अपनी पालकी शोभा यात्रा में उपस्थित भक्तजनों पर कृपादृष्टि डालकर उनको मनवांछित आशीर्वाद प्रदान करेंगे और उनके कष्ट हरेंगे। आयोजन समिति ने संस्कारधानी के शिवभक्तों एवं धर्मावलम्बीजनों से बाबा श्री महाकाल जी की सावन पालकी यात्रा के इस पड़ाव में सपरिवार उपस्थित रहकर श्री महाकालकृपा का पुण्यफल प्राप्त करने की अपील की है।

**बाबा की पालकी यात्रा से जुड़ी प्राचीन धार्मिक मान्यता** ऐसी प्राचीन धार्मिक मान्यता है की उज्जैन नगरी के राजा बाबा महाकाल स्वयं प्रभु श्री चंद्रमौलेश्वर के अपने दिव्य स्वरूप में सावन के पवित्र महीने में अपने भक्तों एवं प्रजाजनों को दर्शन देकर उनका दुःख हरने एवं उनकी पीड़ा निवारण करके उन्हें मनवांछित आशीर्वाद देने के लिये नगर भ्रमण करते हैं। उस समय जो भी भक्त और प्रजा सच्चे मन से उनकी शोभायात्रा में उपस्थित होकर बाबा के दिव्य स्वरूप का दर्शन करते हैं, प्रभु उन भक्तों पर अपनी विशेष कृपादृष्टि प्रदान कर उन्हें मनोवांछित पुण्यफल प्रदान करते हैं।

## हत्या के आरोपीगण गिरफ्तार

# तत्काल कार्यवाही कर आरोपी को फरार होने से पूर्व पीछा कर गिरफ्तार किया गया

कांकेर, लोकशक्ति।

दिनांक 28.07.2025 को प्रार्थी अमन बाल्मिकी पिता स्व. तिजू राम बाल्मिकी उम्र 30 वर्ष निवासी टिकरापारा कांकेर का निवासी है थाना कांकेर आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी का छोटा भाई शिव बाल्मिकी पिता स्व. तिजू राम बाल्मिकी उम्र 23 वर्ष निवासी टिकरापारा कांकेर नगर पालिका कांकेर में वह भी सफाई का काम करता था कि आज दिनांक 28.07.25 के शाम करीबन 06.00 बजे घर से निकला था शाम करीबन 07.00 बजे प्रार्थी को आटो चालक आवेश रजा ने फोन कर बताया कि ग्राम बरदेभांटा कार सेलून के बाजू खाली जगह में आपके भाई शिव बाल्मिकी को पुरानी बातों को लेकर सोमेश पाण्डे एवं विधि के साथ संघर्षरत बालक निवासी शांतिनगर कांकेर के द्वारा दोनों मिलकर एक राय होकर लड़ाई झगड़ा कर शिव बाल्मिकी के गले में किसी धारदार हथियार से मार दिये हैं जिसे आटो में लेकर ईलाज के लिए कोमलदेव अस्पताल कांकेर में लाये हैं तब यह सूनकर प्रार्थी अपनी बड़ी बहन आरती नाग और अहिल्या बाल्मिकी को साथ लेकर कोमलदेव अस्पताल कांकेर पहुंचा और देखा कि प्रार्थी के छोटे भाई शिव बाल्मिकी को स्ट्रेचर में रखे थे उसके गले में गहरा घाव था जिससे काफी खून निकला हुआ था तथा मौत हो गया था कि प्रार्थी के छोटे भाई शिव बाल्मिकी को पुरानी रंजीश पर से सोमेश पाण्डे एवं विधि के साथ संघर्षरत बालक दोनों मिलकर एक राय होकर लडाई झगडा एवं मारपीट कर किसी धारदार हथियार से प्रार्थी के छोटे भाई शिव बाल्मिकी के गले में वार कर हत्या किये हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध क्र. 218/25 धारा-103(1),3(5) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान श्रीमान उ.म.नि./वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आई.के.एलिसेला (भा.पु.से.) उ.ब.कांकेर के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर श्री मोहसीन खान के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित कर आरोपीगण के पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु रवाना किया गया।

# बिहार के लिए केंद्र सरकार ने महती योजना लागू की : किरण साहू

**राजनांदगांव ।** राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ से भाजपा प्रवासी नेत्रियों ने भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शालनी राजपूत के नेतृत्व में चुनाव प्रचार करने पहुंचे नेत्रियों में राजनादगांव जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती किरण साहू श्रीमती और नवगठित जिला खैरागढ़ की जिला अध्यक्ष श्रीमती नीलिमा गोस्वामी ने पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन मंडल के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान भाजपा की दबंग नेत्री जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू ने हमारे संवाददाता से दूरभाष पर चुनावी चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की योजनाओं की जानकारी दी, जैसे वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, 125 यूनिट मुफ्त बिजली, और आशा-ममता दीदी के लिए प्रोत्साहन राशि। उन्होंने महिलाओं से आगामी चुनाव में भाजपा को



समर्थन देने की अपील की। कार्यक्रम में कई स्थानीय भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। छत्तीसगढ़ प्रदेश से आई भारतीय जनता पार्टी की प्रवासी बहनें श्रीमती किरण साहू और श्रीमती नीलिमा गोस्वामी ने ढाका विधानसभा के घोड़ासहन मंडल अंतर्गत बिशुनपुर, झरौखर, कवैया और श्रीपुर पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदी, लाभार्थी बहनें, जनप्रतिनिधि महिलाएं और शिवचर्चा बहनों के साथ संवाद बैठक की।बैठक के दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा प्रभारी सीमा जायसवाल ने बिहार सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार न्याय के साथ तेज गति से चौतरफा विकास कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हाल ही में वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन की राशि को ?400 से बढ़ाकर ?1100 कर दिया गया है, जो सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजी जाइसके अलावा उन्होंने बताया कि अब सभी घरेलु उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी तथा आशा एवं ममता दीदी को भी प्रोत्साहन राशि में वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने हर घर तक बिजली, शौचालय और नल से जल जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुँचाई हैं और आने वाले समय में बिहार को विकसित राज्य बनाने की दिशा में कदम और तेज किए जाएंगे।

# हरियाली तीज महोत्सव मेघ मल्हार कार्यक्रम का आयोजन

**डोगरगढ़।** विप्र फाउंडेशन डोंगरगढ़ द्वारा हरियाली तीज महोत्सव मेघ मल्हार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केसरी नंदन होटल में किया गया जिसमें विप्र फाउंडेशन से जुड़ी बयावली बेटियों व महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय नेहरू कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती ई. व्ही रेवती मैडम व वार्ड क्रमांक



12 की पार्षद श्रीमती दीपाली भंडारी जी थी।कार्यक्रम की शुरुआत लड्डू गोपाल जी की पूजा आरती व गणेश वंदना के साथ किया गया गणेश वंदना तथा राजकीय गीत की प्रस्तुति आर्या शर्मा के द्वारा की गई तथा तीज गीत श्रीमती सुमिता शर्मा के द्वारा गाया गया कार्यक्रम में जोड़ी नृत्य प्रतियोगिताएं एकल नृत्य मनोरंजन गेम्स का भी आयोजन किया गया।जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।जोड़ी नृत्य में प्रथम मोनिका तिवारी व मीनू तिवारी एकल नृत्य में प्रथम मीनू तिवारी रहीं, तृतीय पुरस्कार शिवन्या को प्राप्त हुआ तीज क्वीन की विजेता मुस्कान शर्मा तथा सावन सुंदरी की विजेता सोनम शर्मा रही सभी विजेताओ को ताज व प्रतीक चिनह प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।श्रीमती कृष्णा शर्मा को सांत्वना पुरस्कार दिया तथा 90त्न से ऊपर लाने वाली अनुषका को सम्मानित किया गया व प्रयास एक छोटा सा के पदाधिकारियों द्वारा अंकिता शर्मा को उचच शिक्षा (डाक्टरेट) के अध्ययन के लिए सम्मानित किया गया तथा सुमिता शर्मा को उनके स्कूल में हो रहे अचछे कार्य के लिए सम्मानित किया गया विप्र फाउन्डेशन के पदाधिकारी गण संरक्षक अनुराधा शर्मा, मालती तिवारी अध्यक्ष सुमिता शर्मा उपाध्यक्ष पूनम शर्मा सचिव प्रेमलता व्यास सह सचिव आरती शर्मा तथा सदस्य गण कृष्णा शर्मा सरोज बीना पाठक अंकिता शर्मा प्रेमलता सुनीता पिंकी मोनिका साधना अनीता तिवारी मुन्नी अग्रवाल सानू अग्रवाल अभिलाषा शर्मा सभी की उपस्थिति रही कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओ को सम्मान व आदर मिला तथा कार्यक्रम बहुत ही रोचक हुआ मनोरंजक पूर्व संपन्न हुआ तथा रेवती मैडम व दिपाली जी ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उद्यानिकी कृषकों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू



**31 जुलाई तक कृषक कर सकते हैं बीमा**

**रायपुर,**। छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू कर दी है। इस योजना के तहत टमाटर, बैंगन, अमरूद, केला, पपीता, मिर्च और अदरक जैसी उद्यानिकी फसलों का बीमा किया जाएगा। जिले के इच्छुक कृषक 31 जुलाई 2025 तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या भारतीय कृषि बीमा इंश्योरेंस कम्पनी के प्रतिनिधि से संपर्क करके अपने फसलों का बीमा करवा सकते हैं। बीमा योजना के तहत किसानों को निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत प्रीमियम राशि जमा करनी होगी, जबकि शेष प्रीमियम राशि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, अऋणी कृषकों को योजना में शामिल होने के लिए घोषणा पत्र, फसल बुआई प्रमाण-पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। जो ऋणी कृषक इस योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें संबंधित वित्तीय संस्थान में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा करना होगा। यदि वे समय पर घोषणा पत्र जमा नहीं करते, तो बैंक उनके ऋण को अनिवार्य रूप से बीमित कर देगा।

विपरीत मौसम में मिलेगी फसलों को सुरक्षा - योजना के तहत विपरीत मौसम परस्थितियों में जैसे अधिक तापमान, कम वर्षा, बेमौसम वर्षा, कीट-व्याधि प्रकोप, ओलावृष्टि और चक्रवाती हवाओं से फसलों को होने वाली क्षति का बीमा किया जाएगा। विशेषकर, ओलावृष्टि और चक्रवाती हवाओं के कारण क्षति होने पर मिर्च, केला और पपीता फसलों को बीमा सुरक्षा मिलेगी। बीमा दावा करने के लिए किसान 72 घंटे के भीतर संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के साथ ही बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 1800-209-5959 में सूचना दे सकते हैं। जिले में स्वचलित मौसम स्टेशन स्थापित किए गए हैं, जो मौसम आधारित आंकड़ों के आधार पर बीमा दावा निपटाएंगे। किसानों को एक ही रकबे के लिए केवल एक बार बीमा आच्छादन का लाभ मिलेगा।

कृषकों को देना होगा इतनी प्रीमियम राशि - उद्यानिकी विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार योजना अंतर्गत कृषकों द्वारा लगाये गये उद्यानिकी फसलों एवं कृषकों द्वारा देय प्रीमियम राशि जारी की गई है। जिसके तहत टमाटर के फसल के लिए किसान द्वारा 6 हजार रुपए की प्रीमियम राशि देय होगी। इसी प्रकार बैंगन के लिए 3 हजार 850 रुपए, मिर्च के लिए 3 हजार 400 रूपए, अदरक के लिए 7 हजार 500 रूपए, केला के लिए 4 हजार 250 रूपए, पपीता के लिए 4 हजार 350 रुपए एवं अमरूद के लिए 2 हजार 250 रूपए किसान द्वारा प्रीमियम राशि के रूप में देय होगी।

# टीम प्रहरी अभियान – नगर निगम जोन 8 टाटीबंध के होटल सरोवर पोर्टिको का आकस्मिक निरीक्षण

**कम्पोस्ट पीट नहीं मिला, सूखा और गीला कचरा पृथक नहीं किया जाना पाया गया 0**

**स्वास्थ्य अधिकारी एवं जोन 8 कमिष्नर के निर्देष पर जोन 8 स्वास्थ्य विभाग ने होटल संचालक को नोटिस देकर शीघ्र व्यवस्था सुधारने कहा 0**



**रायपुर** – रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेषानुसार और नगर निगम आयुक्त श्री विष्वदीप एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देषानुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र में चलाये जा रहे टीम प्रहरी अभियान के तहत आज रायपुर नगर निगम क्षेत्र के जोन 8 में टाटीबंध में स्थित होटल सरोवर पोर्टिको का आकस्मिक निरीक्षण निगम मुख्यालय नगर निवेष उडनदस्ता और जोन 8 नगर निवेष टीम, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से नगर निगम जोन 8 जोन कमिष्नर श्रीमती राजेष्वरी पटेल, निगम स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती प्रीति सिंह के दिषा निर्देषन में जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी श्री महादेव रक्सेल, उपअभियंता नगर निवेष विभाग श्री लोचन चैहान, स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेष झा की उपस्थिति में किया गया।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि गुमास्ता लाइसेंस एवं खाद्य लाइसेंस किचन की स्थिति श्रमिक की साफ सफाई, गंदगी की निकासी हेतु एसटीपी की व्यवस्था, खाद्य सामग्री की स्थिति निरीक्षण में स्थल पर नियमानुसार सही पायी गयी। वहीं पाया गया कि होटल सरोवर पार्टिको में घरेलू सिलेण्डर का उपयोग नहीं हो रहा है।

जोन 8 जोन कमिष्नर, निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण में स्थल पर पाया गया कि टाटीबंध के होटल सरोवर पार्टिको द्वारा सूखा और गीला कचरा पृथक-पृथक नहीं किया जा रहा है और होटल में कम्पोस्ट पीट की व्यवस्था नहीं है। सीधे वाहन में कचरा दिया जा रहा है। जोन कमिष्नर और निगम स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देष पर जोन 8 जोन स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक ने होटल सरोवर पार्टिको के प्रतिष्ठान संचालक को तत्काल स्थल पर जोन स्वास्थ्य विभाग की ओर से नोटिस देकर शीघ्र व्यवस्था सुधारने एवं गीला-सूखा कचरा पृथक करके देने और कम्पोस्ट पीट की नियमानुसार व्यवस्था होटल में शीघ्र करवाने के निर्देष नोटिस जारी कर दिये है।

# लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण के लिए कार्यशाला आयोजित




रायपुर, । रायपुर में पेंशन के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देशन में आज श्री गजानन पटेल, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, जिला कोषालय रायपुर द्वारा रेडक्रॉस सभा कक्ष कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यशाल आयोजित किया गया। जिसमें जिला कोषालय रायपुर के अंतर्गत आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को उनके कार्यालय स्तर पर आपत्ति युक्त लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण किये जाने हेतु संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन रायपुर श्री महेश साकल्ले एवं वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री गजानन पटेल द्वारा विस्तार से चर्चा कर एवं इसके निराकरण हेतु कार्यालय स्तर पर सार्थक पहल किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसमें कार्यालय स्तर के पेंशन प्रकरण बनाकर संयुक्त संचालक पेंश कार्यालय ऑनलाईन प्रेषित किये गये प्रकरणों में दर्ज आपत्ति तथा पीपीओ जारी होने के पश्चात जिला कोषालय स्तर पर कार्यालय द्वारा वांछित जानकारी निर्धारित समय में पोर्टल में अपलोड नहीं किये जाने के फलस्वरूप लंबित हुए प्रकरणों के तत्काल निराकारण किये जाने पर जोर दिया गया ताकि संबंधित कर्मचारी का शीघ्र पेंशन, उपादान का भुगतान किया जा सके।

प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना लागू होने के फलस्वरूप सीपीएस कर्मचारियों के मृत्यू, अशक्तता के प्रकरण को EWR किये जाने के फलस्वरूप लंबित प्रकरणों पर संबंधित आहरण संवितरण अधिकारियों को शीघ्र ही निर्धारित फार्म भर कर कोषालय मे प्रस्तुत किये जाने तथा सेवानिवृत्ति के स्थिति में सरकार के अंशदान व उसके ब्याज की राशि का भाग चालान बनाकर शासन के निर्धारित मद में जमा कर पेंशन प्रकरण का निराकरण किये जाने के निर्देश दिये गये, साथ ही सामान्य भविष्य निधि के ऋणात्मक शेष प्रकरणों के संबंध में संबंधित डीडीओ को यथाशीघ्र निराकृत किये जाने हेतु चर्चा की गई।

# जोन 9 ने मोवा में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सड़क किनारे फेंके गए मेडिकल वेस्ट की सफाई करवाई

**निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग ने दलदलसिवनी में गोबर नाली में बहाये जाने, गन्दगी फैलाने पर 4 डेयरी संचालकों को कड़ी चेतावनी देकर कुल 4500 रूपये ई जुर्माना किया 0**

लोकशक्ति रायपुर –



आज नगर पालिक निगम रायपुर में प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा दिए गए आदेशानुसार और अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय के नेतृत्व और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री बारोन बंजारे, श्री उमेश नामदेव, स्वच्छता निरीक्षक श्री भोला तिवारी की उपस्थिति में वस्तुस्थिति की जानकारी लेने जोन 9 क्षेत्र अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक 7 के अंतर्गत दलदलसिवनी आवासीय क्षेत्र में संचालित डेयरी संचालकों द्वारा में नाली में गोबर बहाये जाने और गन्दगी फैलाये जाने की जनशिकायत स्थल पर सही पायी गयी और जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने दलदलसिवनी स्थित डेयरी संचालक संजय कुमार यादव पर 500 रूपये, जितेन्द्र यादव और विकास यादव पर 1-1 हजार रूपये और डेयरी संचालक गौरीशंकर यदु पर स्थल पर उन्हें भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए तत्काल 2000 रूपये इस प्रकार चार सम्बंधित डेयरी संचलकों पर कुल 4500 रूपये का ई जुर्माना किया।

नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की ओर से जोन 9 जोन कमिश्नर ने सम्बंधित डेयरी संचालकों को नोटिस जारी कर निगम क्षेत्र आवासीय सीमा क्षेत्र से बाहर अपनी डेयरियों को शीघ्र स्वतः शिफ्ट कर लेने कहा है, अन्यथा की स्थिति में डेयरी के सभी मवेशियों को जप्त कर डेयरियों में सीलबंदी की कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी सम्बंधित डेयरी संचालकों को दी है। इसी प्रकार आज नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन अंतर्गत सुंदरी नगर मोवा में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सड़क किनारे मेडिकल वेस्ट फेंके जाने की जनशिकायत का वहाँ सफाई करवाकर त्वरित निराकरण जोन के स्तर पर आयुक्त और अपर आयुक्त स्वास्थ्य के निर्देश पर जोन 9 जोन कमिश्नर के निर्देश पर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से किया।

### टाटा एस वाहन में रखे रुपयों से भरा बैग पार

रायपुर, टाटा एस वाहन में रखे रूपयों से भरे बैग को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज कुमार दीवान 42 वर्ष ग्राम कुरूद का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने टाटा एस क्रमांक सीजी 04 एलव्ही 6490 के कंडक्टर सीट में एक बैग रखा था, जिसमें 2 लाख 70 हजार रुपए था। जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हास्टल से लपेटाप व मोबाइल पार

**रायपुर,** पंडरी स्थित संध्या ब्वाय हास्टल से अज्ञात चोर ने 2 नग लेपटाप और 4 नग मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवनाथ सिन्हा 25 वर्ष जनता क्वाटर सेक्टर 1 शंकरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि पंडरी स्थित संध्या रेसीडेसी ब्वाय हास्टल से अज्ञात चोर ने 2 नग लेपटाप व 4 नग मोबाइल पार कर दिया।

# राजधानी शहर रायपुर में जल भराव की समस्या दूर करने महापौर मीनल की अभिनव पहल

**0 पूर्व महापौरो, पूर्व सभापतियों को निगम में आमंत्रित कर समाधान हेतु चर्चा कर उनसे लिए सुझाव 0**

**0 शहर में जल भराव दूर करने ठोस योजना बनाकर कार्य हो - महापौर मीनल चैबे 0**

**0 जल भराव की समस्या दूर करने तात्कालीक समाधान हेतु कार्यवाही - आयुक्त श्री विष्वदीप0**

**0 पूर्व महापौर डॉ. किरणमयी नायक, श्री प्रमोद दुबे, श्री एजाज ढेबर, पूर्व सभापति श्री संजय श्रीवास्तव, श्री प्रफुल्ल विष्वकर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री सुभाष तिवारी ने दिये सुझाव 0**




**रायपुर** – राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जलभराव की समस्या को दूर करने राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने अभिनव पहल की है। महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने आज नगर निगम रायपुर के पूर्व महापौरो और पूर्व सभापतियों को नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन में आमंत्रित कर उनसे उनके अनुभव के आधार पर जलभराव की समस्या शहर में दूर करने सुझाव मांगे।

महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में बैठक हेतु पहुंचने पर पूर्व महापौर राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, पूर्व सभापति राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, पूर्व सभापति राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व महापौर श्री प्रमोद दुबे, श्री एजाज ढेबर,पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री सुभाष तिवारी, पूर्व एमआईसी सदस्य श्री राधेश्याम विभार का आत्मीय स्वागत किया। महत्वपूर्ण बैठक में निगम मुख्यालय में सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त श्री विश्वदीप, एमआईसी सदस्य श्री मनोज वर्मा, श्री दीपक जायसवाल, अपर आयुक्त सर्वश्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पंकज के. शर्मा, यू.एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता श्री यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता श्री राजेष राठौर, श्री पी. राजेष नायडू, कार्यपालन अभियंता श्री अंषुल शर्मा जूनियर, सहायक अभियंता श्री शैलेन्द्र पटेल, श्री अमित बोस, उपअभियंता सुश्री अर्जिता दीवान की उपस्थिति रही।

महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने पूर्व महापौरों और पूर्व सभापतियों से रायपुर शहर में जल भराव की समस्या दूर करने अपने अनुभव के आधार पर सुझाव मांगे। महापौर ने कहा कि रायपुर में जलभराव की समस्या को दूर करने ठोस योजना बनाकर ठोस कार्य किये जाने की आवष्यकता है। ताकि शहर में जलभराव की समस्या का समाधान हो सके और नागरिको को राहत मिल सके। किसी के भी घर में अथवा दुकान में तेज बारिष के दौरान पानी ना घूसे । नगर निगम इसमें सबके साथ मिलकर सहभागी बनकर दलगत राजनीति की भावना से ऊपर उठकर योजना बनाकर कार्य करने कृत संकल्पित है। योजना बनाने में कुछ समय लग सकता है, किंतु जो कार्य हो वह ठोस हो । महापौर ने पूर्व महापौरों, पूर्व सभापतियों, पूर्व नेता प्रतिपक्ष को सुझाव देने नगर निगम आने एवं सुझाव देने हेतु धन्यवाद दिया व कहा कि दिये गये उनके सुझाव जलभराव की समस्या के निदान हेतु महत्वपूर्ण है।

# नेत्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय और श्री विनायक नेत्र अस्पताल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

लोकशक्ति

शैक्षणिक समुदाय के बीच स्वास्थ्य सेवा और कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर ने श्री विनायक नेत्र अस्पताल, रायपुर के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं - जो छत्तीसगढ़ में नेत्र देखभाल सेवाओं में एक प्रतिष्ठित नाम है।

इस समझौते का उद्देश्य कलिंगा विश्वविद्यालय से जुड़े छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करना है।

समझौता ज्ञापन के प्रावधानों के तहतः

क परामर्श शुल्क पर 50त्न की छूट प्रदान की जाएगी।

क उन्नत नेत्र जांच सहित जांच और नैदानिक परीक्षणों पर 25त्न की छूट दी जाएगी।

क इन-पेशेंट केयर और सर्जिकल प्रक्रियाओं पर 10त्न की छूट लागू होगी।



समझौता ज्ञापन पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी और श्री विनायक नेत्र चिकित्सालय के जनसंपर्क अधिकारी श्री रणविजय सिंह ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. ए. विजयानंद भी उपस्थित थे और उन्होंने इस स्वास्थ्य-केंद्रित पहल की सराहना की।

डॉ. गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि यह साझेदारी समग्र छात्र विकास और कल्याण के लिए विश्वविद्यालय की निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जबकि श्री सिंह ने सामुदायिक पहुंच और निवारक नेत्र देखभाल जागरूकता के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

छूट के अतिरिक्त, अस्पताल ने निम्नलिखित पर भी सहमति व्यक्त की हैः

विश्वविद्यालय परिसर में नियमित रूप से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित करेंगे।


क आंखों की देखभाल, मोबाइल-कंप्यूटर से होने वाली आंखों की थकान और बचाव के तरीकों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाएं जाएंगे।

क विश्वविद्यालय से जुड़े लाभार्थियों को प्राथमिकता के साथ अपॉइंटमेंट दिए जाएंगे।

यह समझौता ज्ञापन न केवल कलिंगा विश्वविद्यालय की स्वास्थ्य सेवा सहायता प्रणाली को मजबूत करता है, बल्कि इसके हितधारकों की समग्र भलाई सुनिश्चित करने में इसकी सक्रिय भूमिका को भी सुदृढ़ करता है।

## नि :शुल्क शुद्ध पेयजल – हर नागरिक का अधिकार अभियान शासन के निर्देष पर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जारी

**हर होटल रेस्टोरेंट, ढाबा, कैफे एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानो में ग्राहको को गैर बोतल बंद नि :षुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना अनिवार्य 0**




**रायपुर** - छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग के निर्देषानुसार रायपुर जिला प्रषासन के दिषा निर्देषन में राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम मुख्यालय नगर निवेष उडनदस्ता और सभी जोनो के नगर निवेष विभागो की टीमो द्वारा निगम क्षेत्र में वाटर फॉर ऑल निःषुल्क शुद्ध पेयजल हर नागरिक का अधिकार अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। इसके तहत हर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, कैफे एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानो में ग्राहको को गैर बोतलबंद निःषुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना अनिवार्य है। बोतल बंद पानी केवल तभी परोसा जाए जब ग्राहक स्वयं स्पष्ट रूप से अनुरोध करें। इस संबंध में रायपुर जिला कॉल सेंटर के नंबर 9977225564 पर समस्या या षिकायत हेतु कोई भी नागरिक संपर्क स्थापित कर सकता है। इस हेतु शासन के निर्देष पर रायपुर जिला प्रषासन के दिषा निर्देषन में तैयार किये गये जन जागरूकता स्टीकर नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम आयुक्त श्री विष्वदीप के निर्देष पर नगर निवेष उडनदस्ता एवं निगम जोन नगर निवेष की टीमो ने जनजागरण हेतु लगाना प्रारंभ कर दिया है। अभियान के अंतर्गत आज नगर निगम द्वारा बैजनाथ पारा के होटल हैदराबाद, होटल नूरजहां, नूरजहां प्राइम, मालवीय रोड स्थित होटल मद्रासी सहित सभी 10 जोनो की टीमो द्वारा नगर निवेष विभाग के उपअभियंताओं की उपस्थिति में अनेक होटल रेस्टोरेंट ढाबो , कैफे , अन्य खाद्य प्रतिष्ठानो में निःषुल्क शुद्ध पेयजल हर नागरिक का अधिकार जनजागरूकता स्टीकर लगवाये गये।

संपादकीय

## मस्क के भारत में व्यापार से क्या रोजगार बढ़ेगा?

भारत के व्यापक बाजार में जिस दिन देश में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री में कमी आने की रिपोर्ट आई ठीक उसी दिन अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने धूमधाम से भारत में प्रवेश कर लिया। टेस्ला ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोला है। खेद की बात यह कि कंपनी भारत में कार बनाने नहीं, बल्कि आयातित कारें बेचने आई है। मस्क ने इससे पहले उच्च आयात शुल्क को कंपनी के भारत में नहीं आने की वजह बताया था। कंपनी चीन स्थित शंघाई विनिर्माण संयंत्र में बने मॉडल 'वाई' को आयात करके भारत में बेचेगी जिसकी शुरुआती कीमत 59.89 लाख रुपये है। मध्यम आकार की इलेक्ट्रिक एसयूवी 'वाई' कभी दुनिया की सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार थी। यह भारत में दो संस्करणों में उपलब्ध होगी। दोनों कारें एक बार की चार्जिंग में क्रमशः 500 और 622 किमी. का सफर तय कर सकती हैं।



### नज़रें फेर ली मैंने सब की बुराई पर।

तप्सरा हो रहा तेरी आशनाई पर
डरने लगा हूँ मेरी जग हसाई पर।
(तप्सरा- व्याख्या,)

रोशनी सूरज की बहुत जियादा है
कहीं भी कुछ नहीं देता दिखाई पर।

कामचोरी पर अब शर्म भी आती है
अब इसके आंकड़े पहुंचे दहाई पर।

दिल से पूरा मैल निकाल दो साहब
मेरा देश लगा दुश्मनों की सफाई पर।

हम हमेशा रहे निर्विकार उम्रे-दराज
नज़रें फेर ली हमने सबकी बुराई पर।

मेरे अपने लोग ही हंसते रहे संजीव
मेरी ईमान की इतनी कम कमाई पर।

- संजीव ठाकुर।

QR CODE SCAN कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp

Modimaya_ Vaidik_Netritva

Rashtriya Ekta

DLF-Vadra- Bhrasht Tantra


Silent Assassins Jan11,1966

Accursed & Jihadi Neighbour

## प्रस्तुत पत्र के साथ मेरा लेख एआई का विस्तार या नौकरी का संकुचन: बड़ी चुनौती



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



**भारत जैसे युवाओं वाले और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देश में तकनीकी विकास के प्रति उत्साह हमेशा गहरा रहा है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकें समाज, राष्ट्र और अर्थव्यवस्था में तीव्र बदलाव की सारथि बनी हैं। हर वर्ग और क्षेत्र ने इस परिवर्तन को आशा एवं सकारात्मकता के साथ अपनाया है, इस उम्मीद में कि तकनीकी तरक्की के साथ रोज़गार के नए अवसर भी सृजित होंगे। लेकिन हाल ही में आईटी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा ने इस उम्मीद पर पानी फेर दिया और इसे बड़ा झटका दिया है। निस्संदेह, छंटनी का यह फैसला आईटी क्षेत्र में आसन्न संकट की आहट को ही दर्शाता है। छंटनी बाबत टीसीएस की दलील है कि इन नौकरियों में कटौती कौशल की कमी और अपने विकसित होते व्यावसायिक मॉडल में कुछ कर्मचारियों को फिर से नियुक्त करने में असमर्थता के चलते की गई है। हालांकि, कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दावा है कि इस कदम के पीछे एआई से प्रेरित उत्पादकता वृद्धि नहीं है। यह संख्या कंपनी के कुल कार्यबल का लगभग 2 प्रतिशत है, और मुख्यतः मध्यम और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को प्रभावित करेगी।**

एआई और ऑटोमेशन केवल तकनीक नहीं हैं, वे कार्य संस्कृति, संगठन संरचना और मानव संसाधन नीति को मूल रूप से बदल रहे हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, एआई से प्रेरित उत्पादकता और लागत में कटौती की प्रवृत्ति बढ़ रही है। उदाहरण के तौर पर, एमेजोन ने 30,000 सॉफ्टवेयर एप्लिकेशनों को एआई की मदद से मात्र छह महीनों में अपग्रेड किया, जो कार्य सामान्यतः डेवलपर्स को एक वर्ष लगता। इससे कंपनी को लगभग 250 मिलियन डॉलर की बचत हुई। इसी प्रकार, माइक्रोसोफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों में कोडिंग का 20 से 50 प्रतिशत कार्य एआई से कराया जा रहा है। भारत में एआई का प्रसार अभी अमेरिका या यूरोप की तुलना में सीमित है, लेकिन इसकी गति तीव्र है। देश के स्टार्टअप और आईटी क्षेत्र में छंटनियों की संख्या बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, केवल वर्ष 2025 के शुरुआती पांच महीनों में भारत में 3600 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया, जिसमें एआई आधारित लागत नियंत्रण एक प्रमुख कारण रहा। यह स्पष्ट करता है कि एआई के कारण दोहराव वाले कार्यों की उपयोगिता घट रही है और उनकी जगह स्मार्ट तकनीक ले रही है। मौजूदा समय में यह कदम लागत-अनुकूलन पहलों के चलते अन्य आईटी सेवा कंपनियों में भी छंटनी को बढ़ावा दे सकता है। इसमें दो राय नहीं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कारोबार के नियमों में मौलिक बदलाव के चलते, भविष्य के लिये तैयार रहना हर व्यावसायिक उद्यम के एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। इस नई हकीकत को देखते हुए, अनेक सवाल सबसे ज्यादा विचलित करने वाले बनकर उभर रहे हैं कि क्या यह तकनीकी बदलाव अनिवार्य रूप से कर्मचारियों की कीमत पर होना चाहिए? एआई युग में नौकरी की अनिश्चितता क्या तकनीक विकास के नाम पर विस्थापन नहीं है? छंटनी की चपेट में युवाओं का भविष्य क्या तकनीकी प्रगति के नाम पर मानव श्रम पर आघात नहीं है? क्या स्मार्ट मशीनें के दौर में भारत में रोजगार को नई चुनौती और इंसानों को हताशा में धकेलना नहीं है? एआई का विस्तार यानी नौकरी का संकुचन क्या भारत के लिए बड़ी चेतावनी की घड़ी बन रहा है?

इन प्रश्नों के परिप्रेक्ष्य में देश में बेरोजगारी का संकट किसी से छिपा नहीं है। देश में श्रमबल का कौशल विकास धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में आईटी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। लेकिन टीसीएस के इस फैसले से आईटी पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे उन लाखों छात्रों और डिग्री लेकर निकल रहे उत्साही इंजीनियरों में निराशा व्याप्त होगी। भारत में बढ़ता रोजगार संकट केंद्र सरकार से निरंतर हस्तक्षेप की मांग करता है। हाल ही में हरियाणा में हुई एक परीक्षा में लाखों युवाओं की भागीदारी इस बात का संकेत है कि रोजगार की मांग कितनी व्यापक और अवसर कितने सीमित हैं। देश ही नहीं, दुनिया में रोजगार का संकुचन एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। गोल्डमैंन सोच्स की रिपोर्ट के अनुसार, एआई और ऑटोमेशन के चलते दुनिया भर में लगभग 300 मिलियन नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं। विश्व आर्थिक मंच का आकलन है कि 2030 तक 92 मिलियन नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन उसी अवधि में 170 मिलियन नई नौकरियां भी पैदा होंगी। यह एक दोधारी तलवार है, जो बदलेगा, बचेगा; जो रुकेगा, वो हाशिए पर जाएगा।

टीसीएस का दावा है कि छंटनी का निर्णय भविष्य की जरूरतों के अनुसार संगठन को ढालने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी का ध्यान एआई में निवेश, नए बाजारों में प्रवेश, ग्राहक अनुभव सुधार और कार्यबल मॉडल के पुनर्गठन पर केंद्रित है। हालांकि, यह तर्क उन हजारों कर्मचारियों की व्यथा को शांत नहीं कर सकता जिनकी आजीविका पर इसका सीधा प्रहार हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस निर्णय से न केवल कंपनी के भीतर बल्कि समूचे आईटी क्षेत्र में आशंका, आक्रोश एवं अनिश्चितता का माहौल बन गया है। खासकर युवाओं और आईटी की पढ़ाई कर रहे लाखों छात्रों के लिए यह एक मानसिक झटका है। तकनीकी शिक्षा में दाखिले बढ़ रहे हैं, लेकिन रोजगार के अवसर घटते जा रहे हैं। यह असंतुलन देश की सामाजिक स्थिरता को भी प्रभावित कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें बताती हैं कि विश्व स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई के कारण जोखिम में हैं। भारत में अनुमान है कि 2025 तक 12-18 मिलियन नौकरियां एआई आधारित ऑटोमेशन के चलते प्रभावित हो सकती हैं, विशेषकर आईटी और बीपीओ क्षेत्रों में। एटेमबर्ग के संस्थापक के अनुसार, भारत में 40-50 प्रतिशत व्हाइट कॉलर नौकरियां एआइ से प्रभावित होने के कगार पर हैं, जिससे देश के मध्यवर्ग की आर्थिक स्थिरता को गहरा झटका लग सकता है।

टीसीएस की छंटनी ने बेरोजगारी के दौर में बड़ी हलचल मचाई है, हालांकि आईटी और तकनीकी पाठ्यक्रमों में दाखिले बढ़े हैं, लेकिन उनमें व्यावहारिक और भविष्य-उन्मुख कौशल की कमी है। यह असंगति ही भविष्य में अधिक छंटनियों का कारण बन सकती है। एआई हर भूमिका को खत्म नहीं करेगा, बल्कि उसे पुनर्परिभाषित करेगा। जहां दोहराव और विश्लेषण की आवश्यकता है, वहां एआई प्रभावी होगा, लेकिन रचनात्मकता, सहानुभूति और निर्णय क्षमता जैसे गुणों में मानव की भूमिका बनी रहेगी। डॉक्टर, शिक्षक, वकील, पत्रकार जैसे पेशों में एआईएक सहयोगी के रूप में कार्य करेगा, प्रतिस्थापन के रूप में नहीं। मेटा के प्रमुख एआई वैज्ञानिक यान लेकुन के अनुसार, 'एआई अधिकतर कार्यों का केवल एक हिस्सा ही कर सकता है, वह भी पूरी तरह परिपूर्ण नहीं। मानव श्रमिकों का सीधा प्रतिस्थापन संभव नहीं है।'

निश्चित तौर पर एआई और तकनीकी बदलाव अपरिहार्य हैं। सवाल यह है कि हम इसके लिए कितने तैयार हैं? इसके लिए तीन प्रमुख कदम जरूरी हैं, पहला पुनःकौशल और सतत शिक्षा यानी कार्यबल को भविष्य के अनुरूप प्रशिक्षित करना होगा। डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, एआई एथिक्स, सॉफ्ट स्किल्स जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण अनिवार्य बनाना होगा। दूसरा नीतिगत समर्थन यानी सरकार को एआई नीति, डिजिटल समावेशन और श्रमिक सुरक्षा के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करने होंगे। रोजगार खोने वालों के लिए पुनर्वास योजनाएं और स्किल अपडेट कार्यक्रम आवश्यक हैं। तीसरा सांस्कृतिक और सामाजिक समायोजन यानी एआई को केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के रूप में भी देखा जाना चाहिए। इसे अपनाने में पारदर्शिता, विश्वास और सहयोग का वातावरण बनाना होगा। तकनीकी बदलाव नई संभावनाएं लेकर आते हैं, लेकिन वे अनायास ही चुनौतियां भी खड़ी करते हैं। टीसीएस की छंटनी से जो संदेश मिलता है वह यही है कि एआई युग में केवल वही टिकेगा जो परिवर्तनशील रहेगा। अब समय आ गया है कि हम तकनीक को केवल उपकरण नहीं, बल्कि नीति और जीवनशैली का हिस्सा मानें। सतत सीखना, अनुकूलन और सामाजिक न्याय, यही तीन स्तंभ हैं, जो भारत को इस तकनीकी क्रांति में न केवल जीवित, बल्कि अग्रणी बना सकते हैं।

**यह निजी विचार है।**

# श्रम का श्रृंगार ,संयम के मोती मनोबल के साथी

**ऋषि मुनियों ने कहा है श्रम से ही जीवन सार्थक होता है श्रम मनोबल संयम और तब जीवन के तत्व गुण हैं और इन्हीं से मनुष्य को मनुष्य होने का गौरव प्राप्त होता है। सफलता रातों रात नहीं मिलती,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह जल्द खत्म भी हो सकती है। इसिलए निरंतर मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होती है,और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है,जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ जाया नहीं होती है।**



वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाए7 भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है7 एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता है7असफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है7 एसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है7 तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है7

व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं7 आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है7 अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं7 वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगा7 यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं7 ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है,7 नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है,पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है,उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बुझ से निकालने का फार्मूला मालूम होता है, ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं7

यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता है7 हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है, और उसका इसका बड़ा व्यापक प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है, व्यक्तित्व विकास न सिर्फ आपकी निजी जिंदगी में प्रभाव डालता है वरन आपकी व्यवसाय और लक्ष्य में भी सकारात्मक एवं प्रभावकारी होता है7 जब आप एक अच्छे व्यक्तित्व और सकारात्मक विचार वान व्यक्ति होते हैं तो आप काफी उत्साही एवं आत्मविश्वास से भरपूर भी हो सकते हैं, और आत्मविश्वास से परिपूर्ण व्यक्ति जिंदगी में हर मुश्किल को पार कर एक सफल व्यक्तित्व का धनी हो जाता है7 उसे हर जगह सफलता ही सफलता प्राप्त होती है7 सफल व्यक्तित्व बनाने के लिए आप अपने व्यवहार को अत्यंत नम्र, शालीन और आत्मविश्वास से भरा ही रखें, किसी भी व्यक्ति से चाहे छोटा हो बड़ा हो अमीर हो गरीब हो मिलते समय उसका यथा योग्य अभिवादन शिष्टाचार पूर्वक अवश्य करें7 इससे आपकी पहुंच एवं प्रभाव का दायरा विस्तृत होने लगेगा, सफलता ही सफलता से आप आगे बढ़ने लगेंगे, किसी भी व्यक्ति से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार न करें ,आपको यदि यह महसूस होता है कि सामने वाला कुछ गलती पर है या गलत कार्य कर रहा है तो उस पर नाराज ही जाए ना कर उसे बड़े ठंडे दिमाग से समझाई दीजिए, इससे आपका प्रभाव गलत ना होकर शानदार होने लगेगा77

प्रभावशाली व्यक्तित्व के निर्माण में समय की प्रतिबद्धता एवं समय पर कार्य करने की अदम्य लालसा का बड़ा महत्व है7 यदि आप सही समय पर सही कार्य करेंगे एवं अपने संपूर्ण कार्य समय पर प्रतिपादित करने की आदत डालेंगे, तो कार्यों की सफलता की एक तरह से संपूर्णता दिखाई देने लगती है यदि कहीं मीटिंग या किसी व्यक्ति को अपने समय दिया है तो आप वहां समय पर ही पहुंच कर मीटिंग का संपादन करें, आज के युग में किसी को किसी का इंतजार करना पसंद नहीं आता है7 ऐसे में काम की सफलता की गुंजाइश कम हो जाती है7 और किसी को किसी भी कार्य के लिए इंतजार करवाना अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण के प्रतिकूल प्रभाव डालता है,7 यदि आप नौकरी में हैं,व्यवसाय में हैं या जन प्रतिनिधि हैं, तो लोगों की बातें सुनने का आप में पर्याप्त संयम भी होना चाहिए, यदि आप किसी व्यक्ति की बातें धैर्य पूर्वक सुनते हैं तो उसे आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली लगता है एवं कार्य की सफलता में संदेह नहीं रह जाता7 अनावश्यक किसी भी व्यक्ति से बिना उसकी बात सुने समझे बहस करने की थोड़ी भी गुंजाइश ना रखें, अन्यथा कार्य विपरीत स्वरूप भी ले सकता है7सामने वाला व्यक्ति यदि सचमुच गलत है तो ही अपनी बात आप रखें या बोले, इसमें महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि आप अपनी शक्ति एवं दुर्बलताओं को अच्छे से पहचाने और जाने7 आपको जब अपनी शक्ति और क्षमता का पता होगा तो आप उस कार्य को अच्छे से कर पाएंगे एवं इससे आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी, और अपनी कमजोरियों को सफलता के पीछे सुधार करने में सफल भी होंगे7 आप प्रयास करें कि हमेशा मुस्कुराहट आपके चेहरे पर हो एवं आपका चेहरा चिड़चिड़ा या परेशान ना दिखाई दे, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा का एक बड़ा प्रतीक है7यह सफलता में कठिनाई पैदा करने वाला कारक माना जाता है7 मुस्कुराते हुए चेहरे से लोग प्रसन्न होकर उसकी बात सुनना चाहेंगे और यही एक ऐसा तत्व है जो आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देगा और आपकी सफलता में कोई गुंजाइश नहीं रह जाएगी7 मुस्कुराते हुए चेहरे के आचरण को लोग ज्यादा पसंद करते हैं अपना मित्र भी बनाना चाहेंगे7,

आप जो भी कार्य करते हैं पढ़ते हैं नौकरी करते हैं, व्यवसाय या समाज सेवा करते हैं, उसके संबंध में आपके पास गहरी और संपूर्ण जानकारी होना चाहिए7 अधूरा ज्ञान बहुत ही खतरनाक और असमंजस निर्माण करने वाला होता है और कार्य की सफलता में संदेह भी पैदा करता है7 क्योंकि अधूरी जानकारी आपके काम करने की प्रणाली पर सवालिया निशान लगा देती है7 इसमें आप फिर जवाब देने की स्थिति में भी नहीं रह पाएंगे7 अधूरा ज्ञान नकारात्मक होकर आपके आत्मविश्वास को भी डगमगा देता है7 आप फिर उस कार्य को करने में डरने लगेगे7 इसलिए किसी कार्य को करने के पूर्व उसके प्रति अच्छी जानकारी सम्यक रूप से होमवर्क की तरह कर ले7 और सदैव कार्यों की प्राथमिकता तैयार रखें आसान एवं सरल कार्य पहले संपादित करें, जिससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके फिर काम के लिए आप अपनी तैयारियां पूर्ण कर सकेंगे, आपका आसान काम करने के बाद का आत्मविश्वास आपको कठिन कार्य करने के लिए उत्प्रेरित करेगा और कठिन कार्य करने में आप आसानी एवं सरलता महसूस करने लगेंगे7 किसी भी कार्य को करने से पहले बिल्कुल भी किंचित मात्र भयभीत ना हो क्योंकि डर के कारण कई काम स्वतः बिगड़ जाते हैं7, अतः काम करने से पूर्व निडर होकर कार्य करें क्योंकि गलतियां तो इंसान से ही होती हैं, और जो ज्यादा काम करता है उससे ज्यादा गलती की संभावना होती है 7 ऐसे में किसी भी तरह के डर या चिंता से मुक्त रहकर अपने कार्य को निष्पादित करें, सफलता आपकी पर्सनालिटी को देखते हुए आपके सामने होगी7

शानदार व्यक्तित्व के विकास में समय का उपयोग और अनुप्रयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है7 यदि आप समय का सदुपयोग अच्छे से करते हैं तो आधी सफलता आपके सामने होती है7 संपूर्ण आत्मविश्वास के साथ इस कार्य को किस समय करना है, यह आपके समझ में जल्दी आ जाता है तो आपका सफलता का ग्राफ बहुत जल्दी ऊपर की ओर जाने लगेगा, क्योंकि समय की कीमत जो व्यक्ति जानता है समय उसकी इज्जत करता है7 और उसे सफलता की सीढ़ियां चढ़ने से कोई रोक नहीं सकता, समय का अनुशासन सबसे बड़ा सबक है, काम को सही समय में करना एक तरह की बड़ी ईमानदारी मानी जाती है7 यदि आप समय के प्रति प्रतिबद्ध हैं एवं ईमानदारी से कार्य करने की हिमायती हैं तो आपको सफल व्यक्तित्व की श्रेणी में लाने से कोई रोक नहीं सकता,इसी तरह अप एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण में योगदान भी कर सकते हैं,अच्छे व्यकितत्व के निर्माण से ही शक्तिशाली,विकसित राष्ट्र का निर्माण किया जासकता है,अपने व्यक्तिव्य के निर्माण के साथ शिक्षित संस्कारी देश को सर्वोपरि मान कर राष्ट्रिय हित में सर्वस्व त्यागना होगा, तब जाकर एक महँ राष्ट्र की नीव राखी जासकती है

**यह निजी विचार है।**

## ट्रंप की सनक या तानाशाही

प्रेम शर्मा

अपने अनिश्चित स्वभाव के अनुरूप, अमेरिकी राष्टपति ने वैश्विक व्यापार व्यवस्था के साथ बहुत अधिक खिलवाड़ किया है। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप का 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' अभियान प्रवासी विरोधी बनता जा रहा है। ट्रंप की टेक कंपनियों को उनकी ताजा चेतावनी इसी का प्रमाण है। जिसे राष्टपति चुने जाने के लिए भारत में हवन पूजन किया गया हो। जिसे देश के प्रधानमंत्री का बेहतर मित्र कहा जा रहा हो वह राष्टपति भारत के खिलाफ लगातार आग उगल रहा है।हालांकि ट्रंप की ऐसी हर कोशिश उनके ही देश को नुकसान पहुंचाएगी। डोनाल्ड ट्रंप ने जबसे अमेरिकी राष्टपति पद को संभाला है, भारत के खिलाफ ही काम कर रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगला और कहा कि अब वो दिन लद गए जब अमेरिकी कंपनियां भारतीयों को नौकरी दें। इससे पूर्व अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों को एक सख्त मैसेज दिया है, जिसमें भारत से हायरिंग करने को मना किया है। ऐसे कई फैसले जो उन्होंने भारत को हानि पहुचाने वाले लिए है।

दूसरे कार्यकाल की शुरुआत ही धमकियों से करने वाले ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिकी कंपनियां केवल अमेरिकियों को ही नौकरी दें। उनका कहना है कि 'हमारी कई बड़ी टेक कंपनियों ने अमेरिकी आजादी का फायदा उठाते हुए चीन में फैक्ट्रियां बनाईं, भारत में कर्मचारियों को नौकरी दी और आयरलैंड में मुनाफा बचाया...।' कुछ अरसा पहले ही ट्रंप ने एपल को चेतावनी दी थी कि अगर उसने भारत में प्रॉडक्शन किया, तो आईफोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया जाएगा। ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका में बिकने वाला हर सामान अमेरिका में ही बने और उसे बनाएं भी अमेरिकी ही, लेकिन क्या यह संभव है? ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में जब मुक्त व्यापार की बात हो रही है, तब कोई अर्थव्यवस्था खुद में सिमट कर नहीं रह सकती। और सबसे अहम बात, अमेरिकी कंपनियां इसलिए भारत या चीन में प्लांट लगाना चाहती हैं, क्योंकि यहां मैन्युफैक्चरिंग सस्ती है। इसी तरह, सिलिकॉन वैली या दूसरी अमेरिकन इंडस्ट्रीज में भारतीयों ने अपनी बुद्धिमत्ता से जगह बनाई है। दर्जनों विश्व विख्यात कम्पनी के मुख्यकर्ताधर्ता भारतीय मूल के है। सिलिकॉन वैली के करीब एक तिहाई टेक एम्प्लॉई भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्युन 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में टॉप पोजिशन पर भारतीय बैठे हैं। ये भारतीय अमेरिकी इकॉनमी के इंजन हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे और इनकी टोटल वैल्यू 195 अरब डॉलर आंकी गई थी। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। इसी तरह, अमेरिका की आबादी में 1.5 वाले भारतीय 5-6ः इनकम टैक्स अदा करते हैं।अमेरिकी की टेक इंडस्ट्री या सिलिकॉन वैली आज अगर वैश्विक स्तर पर राज कर रही है, तो इसमें प्रवासियों का बड़ा योगदान है। दुनियाभर की मेधा, खासकर भारत की, ने मिलकर इस इंडस्ट्री को सींचा है। इलॉन मस्क की टेस्ला को जब ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर में सफलता मिली, तो उन्होंने भारतीय मूल के एक रोबोटिक्स इंजीनियर अशोक एल्लुस्वामी का ही नाम पहले लिया था। ट्रंप उस वैश्वीकरण को खत्म करने की बात कर रहे हैं, जिससे सबसे ज्यादा फायदा अमेरिका को ही हुआ है। उनके पास इंडस्ट्री की मांग को पूरा करने लायक वर्कफोर्स नहीं है। भारत के बिना उनका 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' पूरा नहीं हो सकता।वैसे भी जब से ट्रप ने पद सम्हाला है तब से संयुक्त राज्य अमेरिका का व्यापार परिदृश्य एक बड़े बदलाव के दौर से गुज़र रहा है। क्योंकि राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में 20 से ज्यादा देशों में अपने टैरिफ अभियान का विस्तार कर रहे हैं। 50 प्रतिशत तक के प्रतिशोधात्मक शुल्कों के साथ, ऑटोमोबाइल और एल्युमीनियम से लेकर तांबा और ई-कॉमर्स तक, सभी क्षेत्र इस टकराव में फँस गए हैं। इसके लिए कनाडा, ब्राज़ील और भारत जैसे देश छूट हासिल करने के लिए 1 अगस्त की समय सीमा के ख़िलाफ़ दौड़ रहे हैं। जबकि व्यवसाय और उपभोक्ता इसके बाद के झटकों के लिए तैयार हैं। यानि इतना तो तय है कि या तो ट्रम्प किसी सनक का शिकार हो गए है फिर उनको तानाशाही करने में मजा आ रहा है। **यह निजी विचार है।**

# राज्यपाल के रूप में श्री रमेन डेका के कार्यकाल को एक वर्ष पूर्ण हुए : राज्यपाल ने सभी जिलों का किया दौरा

लोकशक्ति



**रायपुर,** राज्यपाल श्री रमेन डेका का छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में एक वर्ष पूर्ण हो गए है। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन किया है। वे प्रदेश के जनजातीय समुदायों, महिलाओं, बुजुर्गो, युवाओं, माताओं, बच्चों, दिव्यांगों सभी वर्गो की बेहतरी और कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहते है। छत्तीसगढ़ वासियों का अत्यंत सरल, सहज व्यवहार उन्हें प्रेरणा देता है। वे जितने सरल और सहज हैं उतने ही जनता से जुड़े हुए भी हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपराएं उन्हें उनके गृह प्रदेश असम की याद दिलाती है और वे इसे लेकर गर्व महसूस करते है।

श्री डेका ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में केवल औपचारिक भूमिकाओं तक सीमित न रहकर, राज्य के हर जिले में जाकर वहां की धरातलीय परिस्थितियों को स्वयं देखा, सुना और समझा। प्रदेश के सभी 33 जिलों का दौरा उन्होंने कर लिया है। गांव, कस्बे में जाकर लोगों से सीधे बात की खास कर उन लोगों से जो सरकार की योजनाओं से जुड़े हुए हैं। उन्होंने यह जानने की कोशिश की कि योजनाएं सिर्फकागजों पर है या लोगों के जीवन में असर कर रही है। उन्होंने महिला समूहों लखपति दीदियों, विद्यार्थियों, किसानों से बात-चीत की और उन्हें प्रेरणा देने के साथ साथ उनकी समस्याओं का समाधान भी सुझाया।

राज्यपाल श्री डेका की प्राथमिकता रही है कि यह पता लगाया जाए की सरकारी योजनाएं जरूरत मंद तक पहुंच रही या नहीं। वे खुद प्रधानमंत्री आवास योजना से बने घरों में गए, हितग्राहियों से बात चीत की, टी.बी. मरीजों को फुड बास्केट प्रदान किया। स्व-सहायता समूह की महिलाओं के कार्यो को देखा और उन्हें सराहा।

प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत देश एवं प्रदेश को टी.बी. मुक्त करने के लक्ष्य की दिशा में राज्यपाल का विशेष ध्यान है। वे टी.बी. मरीजों को गोद लेकर उन्हें आर्थिक सहायता और पौष्टिक आहार दे रहे है और समाज के लोगों को इस पुनित कार्य में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित भी कर रहे है।

राज्यपाल श्री डेका जहां भी गये 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाकर यह संदेश दिया कि पेड़ लगाना केवल पर्यावरण नहीं, भावना से जुड़ा कर्तव्य है। उन्होंने जल संरक्षण, भूजल स्तर बढ़ाने, अमृत सरोवर योजना के क्रियान्वयन और रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया और इन्हें जन आंदोलन का रूप देने की कोशिश की।

श्री डेका का कहना है कि चाहे टी.बी. उन्मूलन हो, नशा मुक्ति, स्वच्छता या सड़क सुरक्षा, सभी अभियानों की सफलता तभी संभव है जब समाज इसकी जिम्मेदारी ले। उनका यह प्रयास है कि सरकारी योजनाएं केवल शासन की न रहें, जनता की बनें।

बतौर कुलाधिपति राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह आयोजित करने पर जोर दिया। जिससे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और वे आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ते है। विगत एक वर्ष में राज्यपाल 4 शासकीय एवं 5 निजी विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उनका कहना है कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालयों की भी बड़ी भूमिका है। उनके द्वारा 5 शासकीय और 6 निजी विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्तियां की गई। उन्होंने दो बार राज्य के विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठकें ली और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने पर विशेष बल दिया। राज्यपाल के एक वर्ष के कार्यकाल में शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित 100 अध्यादेशों एवं नियुक्तियों का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष पद पर श्री विजय कुमार गोयल की नियुक्ति की गई।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय अधिनियम में उनके द्वारा संशोधन कराया गया। प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रदेश के विश्वविद्यालयों में सफल क्रियान्वयन के लिए उन्होंने विश्वविद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सहायक प्राध्यापकों को समय पर प्रमोशन देने पर बल दिया ताकि प्रोफेसर पद पर 10 साल का अनुभव होने के बाद छत्तीसगढ़ के प्रोफेसरों को कुलपति बनने का अवसर मिले। विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने तथा शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति समाप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राध्यापकों और छात्रों के बीच बेहतर तालमेल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दिया।

अपने एक वर्ष के कार्यकाल में राज्यपाल श्री डेका ने कई अभिनव पहल किए। राज्य के तीन गांवों को गोद लेकर उन गांवों में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न फ्लेगशीप योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उनके द्वारा गोद लिए गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, आजीविका, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, विरासत एवं संस्कृति के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में शोध एवं अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए श्री डेका की पहल पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में श्रीमंत शंकर देव अनुसंधान पीठ की स्थापना की गई है। इसके अलावा राज्यपाल श्री डेका के निर्देश पर सभी स्वशासी महाविद्यालयों में परीक्षा नियंत्रक के पद भी प्रस्तावित किए गए है।

श्री डेका ने रेडक्रॉस सोसायटी को एक सशक्त और पारदर्शी संस्था बनाने का संकल्प लिया। उनकी प्रेरणादायी पहल पर पहली बार छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ। इससे रेडक्रॉस को जनजन तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। उनकी पहल पर राजभवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर राजभवन में रक्त दान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। टी.बी. रोग के प्रति जागरूकता फैलाने की उद्देश्य से स्क्रीनिंग कैम्प भी लगाया गया।

श्री डेका के पहल पर 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक लेकर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को राजभवन की ओर से पांच-पांच हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पहल पर शुरू हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत देश के अलग-अलग राज्यों का स्थापना दिवस राज्यपाल श्री डेका के मार्गदर्शन में राजभवन में बड़े उत्साह के साथ मनाए गए इससे देश की एकता, अखण्डता, विविधता और भाईचारे का संदेश मजबूत हुआ।

राज्यपाल श्री डेका ने एक वर्ष में अपने स्वेच्छानुदान मद से 584 संस्थाओं को 1 करोड़ 22 लाख 41 हजार रूपये से अधिक की राशि आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की।

राज्यपाल श्री डेका की हर एक पहल का उद्देश्य यह रहा कि शासकीय योजनाएं शासन की नहीं बल्कि जनता की बनें। अपने इस एक वर्ष के कार्यकाल को वे संतुष्टिपूर्ण मानते है और सतत सक्रिय रहते हुए सदैव जनता के हित के लिए कार्य करना चाहते हैं।



गुरुग्राम में सिग्नेचर टॉवर के पास बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन।




# कोयला खनन प्रदूषण कम करने की तकनीक

**सेवाददाता।** सभी कोयला खनन कार्य वैध वैधानिक मंजूरी के साथ किए जाते हैं। इसमें पर्यावरणीय मंजूरी, वन मंजूरी (जहां आवश्यक हो), संचालन की सहमति और भूजल मंजूरी शामिल है। इन्हें एमओईएफ़एंडसीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रदान किया जाता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और एमओईएफ़एंडसीसी को अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के माध्यम से ही इसकी नियमित रूप से निगरानी की जाती है। ईसी अनुदान प्रक्रिया में पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) के माध्यम से वायु, जल, मिट्टी, जंगल और जैव विविधता पर प्रभाव का विस्तृत मूल्यांकन और पर्यावरण प्रबंधन योजनाओं (ईएमपी) के माध्यम से शमन रणनीतियों का निर्माण शामिल है। पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत जारी ईआईए अधिसूचना, 2006 के अनुसार, सभी खनन प्रस्तावों का मूल्यांकन विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) द्वारा किया जाता है। पर्यावरणीय मंजूरी अनुमोदित खान योजना (समापन योजना सहित) की गहन जांच के बाद ही दी जाती है। इनमें धूल नियंत्रण, शोरगुल कम करने, हरित पट्टी विकास, जैव विविधता संरक्षण और खनन के बाद भूमि पुनर्स्थापन जैसे पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों के लिए अनिवार्य प्रावधान शामिल होते हैं। कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के संबंध में, वायु, जल और मृदा प्रदूषण को न्यूनतम करने के लिए पर्यावरण नीतियों और उन्नत तकनीकों का एक व्यापक ढांचा अपनाया गया है। ये पहल राष्ट्रीय नियामक दिशानिर्देशों और टिकाऊ एवं उत्तरदायी बिजली उत्पादन के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप हैं।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एसएचजी को आर्थिक संबल और ग्रामीण सशक्तिकरण को बढ़ावा - श्री शिवराज सिंह

लोकशक्ति

## बैंकों व बैंक सखियों की उल्लेखनीय भूमिका, आत्मनिर्भर भारत की ओर प्रभावी कदम- श्री शिवराज सिंह

## खुद का व्यवसाय शुरू कर अपनी आय बढ़ाने में सक्षम हो रही हैं बहनें- केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह

## ग्रामीण विकास मंत्रालय की दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में बड़ी उपलब्धि

पीआईबी



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज एक वक्तव्य में बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तहत औपचारिक वित्तीय संस्थानों के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को अब तक 11 लाख करोड़ रुपए से अधिक का ऋण वितरित हो चुका है। यह उपलब्धि समावेशी ग्रामीण विकास, महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण और ग्राम स्तर पर आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय-DAY-NRLM के तत्वावधान में, देशभर की ग्रामीण गरीब महिलाएं मजबूत सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से अपनी आजीविका को सशक्त बना रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें बिना कोलैटरल, ब्याज सब्सिडी एवं अन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर अपनी आय में वृद्धि करने में सक्षम हो रही हैं। 98त से भी अधिक की उच्च पुनर्भुगतान दर से यह स्पष्ट होता है कि यह प्रयास विश्वास, अनुशासन और प्रबंधन में मिसाल बना है।

ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बैंकिंग समुदाय के समर्थन की सराहना करते हुए कहा कि हमारे बैंकिंग पार्टनर्स ने करोड़ों ग्रामीण महिलाओं के सपनों को साकार करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। बैंक सखियों के अथक प्रयासों ने सात्त-बैंक लिंकेज को सुगम बनाया है और समय पर ऋण पुनर्भुगतान सुनिश्चित किया है।

उन्होंने बताया कि बैंकिंग साझेदारी का मुख्य योगदान यह है कि प्राथमिक क्षेत्र ऋण के अंतर्गत सात्तह्य को आसान शर्तो पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, वहीं आसान और सरल प्रक्रियाओं के जरिए सात्त सदस्यों को बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने का काम भी हो रहा है। साथ ही, बैंक खातों की आधार व मोबाइल सीडिंग और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने का काम भी किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पुनर्भुगतान व्यवस्था को भी मजबूत बनाया जा रहा है। ÷बैंक सखियां÷ का योगदान बढ़ रहा है, अब वे लेन-देन, ऋण आवेदन, दस्तावेज़ीकरण में सहायता प्रदान कर रही हैं। साथ ही वित्तीय जागरुकता, बीमा, पेंशन आदि योजनाओं की जानकारी देने में भी मददगार साबित हो रही हैं। इसके अलावा, समुदाय आधारित पुनर्भुगतान तंत्र को मजबूत करना और समय पर ऋण वसूली सुनिश्चित करना, ये भी इस महत्वपूर्ण योजना के तहत सुनिश्चित किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही DAY-NRLM तथा ÷लखपति दीदी÷ जैसी पहल आज ग्रामीण भारत की लाखों महिलाओं की आर्थिक स्थिति बदल रही हैं। यह उपलब्धि महज एक संख्या नहीं, बल्कि उस सामूहिक शक्ति का प्रतीक है, जहां महिलाओं को अवसर, भरोसा और संसाधन मिलते हैं, जिससे वे देश को आत्मनिर्भरता की दिशा में नए शिखर तक पहुंच सकती हैं।

# कोयला खनन प्रदूषण कम करने की तकनीक

पीआईबी

सभी कोयला खनन कार्य वैध वैधानिक मंजूरी के साथ किए जाते हैं। इसमें पर्यावरणीय मंजूरी, वन मंजूरी (जहां आवश्यक हो), संचालन की सहमति और भूजल मंजूरी शामिल है। इन्हें एमओईएफ़एंडसीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रदान किया जाता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और एमओईएफ़एंडसीसी को अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के माध्यम से ही इसकी नियमित रूप से निगरानी की जाती है। ईसी अनुदान प्रक्रिया में पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) के माध्यम से वायु, जल, मिट्टी, जंगल और जैव विविधता पर प्रभाव का विस्तृत मूल्यांकन और पर्यावरण प्रबंधन योजनाओं (ईएमपी) के माध्यम से शमन रणनीतियों का निर्माण शामिल है। पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत जारी ईआईए अधिसूचना, 2006 के अनुसार, सभी खनन प्रस्तावों का मूल्यांकन विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) द्वारा किया जाता है। पर्यावरणीय मंजूरी अनुमोदित खान योजना (समापन योजना सहित) की गहन जांच के बाद ही दी जाती है। इनमें धूल नियंत्रण, शोरगुल कम करने, हरित पट्टी विकास, जैव विविधता संरक्षण और खनन के बाद भूमि पुनर्स्थापन जैसे पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों के लिए अनिवार्य प्रावधान शामिल होते हैं।

कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के संबंध में, वायु, जल और मृदा प्रदूषण को न्यूनतम करने के लिए पर्यावरण नीतियों और उन्नत तकनीकों का एक व्यापक ढांचा अपनाया गया है। ये पहल राष्ट्रीय नियामक दिशानिर्देशों और टिकाऊ एवं उत्तरदायी बिजली उत्पादन के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप हैं।

आजीविका के स्थायी साधनों को बढ़ावा देने और खदान बंद होने के सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभाव का प्रबंधन करने के लिए सरकार ने 31.01.2025 को खदान बंद करने के लिए व्यापक दिशानिर्देश जारी किए हैं। ये एक एकीकृत दृष्टिकोण पर केंद्रित हैं, जिसमें स्थानीय लोगों का कौशल विकास, आजीविका सृजन, भूमि पुनर्स्थापन, पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्वास, सामुदायिक भागीदारी और खदान बंद होने के बाद का विकास शामिल है।

इसके अतिरिक्?त, कोयला कंपनियों के साथ-साथ सीआईएल, एनटीपीसी, डीवीसी जैसी बिजली कंपनियां झारखंड और ओडिशा जैसे क्षेत्रों में कौशल निर्माण और आजीविका संवर्धन गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रमों के तहत विभिन्न पहल कर रही हैं।

सरकार ने अकुशल कोयला खदानों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए कोई लक्ष्य या समय-सीमा निर्धारित नहीं की है।

सरकार कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित पहल कर रही है -

सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी क्षेत्र के लिए कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 8,500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है।

कोयला गैसीकरण पहल को समर्थन देने के लिए गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) लिंकेज नीलामी नीति के तहत एक नया उप-क्षेत्र, ÷कोयला गैसीकरण के लिए अग्रणी सिंथेटिक गैस का उत्पादन÷ बनाया गया।

सरकार ने अगले सात वर्षो के भीतर चालू होने वाली परियोजनाओं के लिए विनियमित क्षेत्र के अधिसूचित मूल्य पर न्यूनतम मूल्य के साथ एनआरएस नीलामी के तहत गैसीकरण परियोजनाओं को कोयला आपूर्ति की अनुमति दी है।

वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक नीलामी में गैसीकरण में प्रयुक्त कोयले के लिए राजस्व हिस्सेदारी में 50 प्रतिशत की छूट शुरू की गई है, बशर्ते कि कुल कोयला उत्पादन का कम से कम 10 प्रतिशत गैसीकरण प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जाए।




भूमि-सीमा साझा करने वाले देशों से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) के पंजीकरण से छूट प्रदान करने के लिए एक ढांचा स्थापित किया गया है, जो मामला-दर-मामला आधार पर होगा। एक आवेदन को छूट प्रदान की गई है।

समावेशी विकास और पर्यावरणीय पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ गहन परामर्श और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी से निम्नलिखित उपाय किए जा रहे हैं -

अपनी सभी कोयला खनन परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आरएंडआर) के लिए एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया का पालन करना, जो संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अनुमोदित योजनाओं के अनुरूप हो। पारदर्शिता सुनिश्चित करने, स्थानीय चिंताओं का समाधान करने और निर्णय लेने में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय हितधारकों के साथ परामर्श इस प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है। राज्य प्राधिकारियों के परामर्श से, वैकल्पिक उत्पादक उपयोग के लिए भूमि को बहाल करने के लिए, खनन-बंद क्षेत्रों के तकनीकी और जैविक दोनों प्रकार के पुनर्ग्रहण सहित प्रगतिशील और अंतिम खदान बंद करने की गतिविधियां शुरू करना।

पुनः प्राप्त भूमि को इको-पार्क, जलाशयों और पर्यटन स्थलों (जैसे, साओनेर इको पार्क और गुंजन पार्क) में परिवर्तित करना, हरित आवरण को बढ़ावा देना और सामुदायिक सहभागिता और आर्थिक अवसरों को सक्षम बनाना।

# आकर्षण का केंद्र होगा 55 फीट ऊँचा, 80 फिट चौड़ा रंग-बिरंगा झांकी कचहरी चौक का राजा : इस बार 'मयूर महल' थीम में विराजेंगे बाल गणेश







जांजगीर-चांपा।

शहर के हृदय स्थल कचहरी चौक में इस वर्ष भी गणेश उत्सव की धूम देखने को मिलेगी। जाज्वल्यदेव गणेश सेवा समिति द्वारा आयोजित 'कचहरी चौक का राजा' हर वर्ष की तरह इस बार भी नए स्वरूप, नई भव्यता और नवीनता के साथ स्थापित किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार बाल स्वरूप में भगवान गणेश की 20 फीट ऊँची भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी, जिसकी थीम है ङ्क 'मयूर महल'। यह आकर्षक दरबार कोलकाता के दक्ष मूर्तिकारों और पंडाल निर्माताओं द्वारा साकार किया जा रहा है।

पूरे पंडाल की ऊँचाई 55 फीट और चौड़ाई 80 फीट होगी, जिसे रंग-बिरंगी रोशनी और विशेष डिज़ाइन से सजाया जा रहा है। पंडाल में इस बार दर्शकों को एक राजसी एहसास मिलेगा, जहां भगवान गणेश मोरों से सुसज्जित महल के सिंहासन पर विराजमान होंगे। शाम होते ही इस थीम में प्रयुक्त विशेष लाइटिंग और लेज़र इफेक्ट्स से पूरा चौक जगमगाने लगेगा।

जाज्वल्यदेव समिति द्वारा लगातार 17 वर्षों से इस स्थल पर गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। हर वर्ष एक नई थीम के साथ न केवल गणेश प्रतिमा का स्वरूप बदला जाता है, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से शहर को उत्सव के रंग में रंग दिया जाता है। 'कचहरी चौक का राजा' न केवल जांजगीर में, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी श्रद्धा और आकर्षण का बड़ा केंद्र बन चुका है।

गणेश स्थापना के दिन से लेकर विसर्जन तक विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह आयोजन स्थानीय युवाओं की सहभागिता और संगठन की रचनात्मकता का बेहतरीन उदाहरण है, जो हर वर्ष शहर की पहचान बनकर उभरता है।



## जिला पंचायत सदस्य की पहल पर मिला नेत्रहीन युवक को मोबाइल फोन

**पामगढ संवाददाता।** जिला पंचायत सदस्य की पहल पर समाज कल्याण विभाग ने नेत्रहीन युवक को मोबाइल प्रदान किया। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 07 से सदस्य प्रीति अजय दिव्य ने बीते दिनों समाज कल्याण विभाग जिला जांजगीर-चाम्पा को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत चंडीपारा उरैहा निवासी राजेश कुमार भार्गव को मोबाइल फोन दिलाने हेतु पत्र लिखा था। जिस पर कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग ने उक्त नेत्रहीन युवक राजेश कुमार भार्गव को मोबाइल फोन प्रदान किया मोबाइल फोन मिलने के बाद नेत्रहीन युवक ने प्रसन्नता जाहिर की और क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य का आभार व्यक्त किया।

# प्रोजेक्ट धड़कन के तहत दूसरे दिन केंद्रीय विद्यालय-2 में 257 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई

लोकशक्ति



रायपुर, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की एक और नवाचार पहल ÷प्रोजेक्ट धड़कन÷ के तहत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 रायपुर में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों की हृदय रोग से संबंधित जांच की गई। आज 30 जुलाई को विद्यालय में 256 विद्यार्थियों का स्क्रीनिंग किया गया, जिसमें 132 छात्र एवं 124 छात्राएं शामिल हैं। जिसमे 3 विद्यार्थी को चिन्हित किया गया, जिनको विशेष परीक्षण के लिए श्री सत्य साई हॉस्पिटल नवा रायपुर भेजाढ्ढ गया।

इस योजना के माध्यम से सभी बच्चो के हृदय की जांच की जाएगी और कुछ कमी पाए जाने पर श्री सत्य साई हॉस्पिटल नवा रायपुर में ईलाज किया जाएगा 7

कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी और शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की प्रारंभिक पहचान और निशुल्क इलाज सुनिश्चित करना है। तेज धड़कन, वजन न बढ़ना, शरीर में नीलापन, बार-बार सर्दी-खांसी, सांस लेने में परेशानी, स्तनपान के समय पसीना आना आदि लक्षणों के आधार पर बच्चों की जांच की जा रही है।

# उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जांजगीर चांपा -



जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र चांपा द्वारा राईजिंग एण्ड एक्सीलेटरिंग एमएसएमई परफर्मेंस के अंतर्गत चांपा के होटल रंगमहल में उद्योग एवं बैकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्योग संघ के पदाधिकारी, चैम्बर ऑफकॉमर्स के पदाधिकारी, लीड बैंक अधिकारी, जिले अंतर्गत स्थापित बैंक के अधिकारीगण, उद्योगपति, चार्टड एकाउन्टेंट, नव उद्यमी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, महाप्रबंधक श्री जेवियर टोप्पों, प्रबंधक श्री विजय कारे उपस्थित थे।

महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग ने बताया कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमियों, महिला उद्यमियों को पीएमएफएमई, पीएमईजीपी एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में बैंकों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं और सीजीटीएमएसई के लाभों, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, औद्योगिक नीति 2024-30 के अंतर्गत उद्योगों को दिये जाने वाले अनुदान सहायता के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही नवउद्यमियों को योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार स्थापना करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमियों ने अपनी व्यापार से जुड़ी समास्याओं को साझा किया। जिन पर बैंक अधिकारियों द्वारा समाधान और मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही कार्यक्रम में पीएमएफएमई प्रकरण पर स्वीकृति प्रदान की गयी। इस दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया।

# ग्रीन पालना अभियान : नए जीवन के साथ हरियाली की शुरुआत



### न ए बच्चे के जन्म पर महिलाओं को दिए जा रहे 5 फलदार पौधे*

**रायपुर,** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाया है-÷ग्रीन पालना अभियान÷। इस अभिनव पहल के अंतर्गत अब सरकारी अस्पतालों में प्रसव उपरांत माताओं को पांच फलदार पौधे-आम, अमरूद, कटहल, पपीता और मुनगा-सौगात स्वरूप भेंट किए जा रहे हैं।

इस पहल के तहत आज स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र गुढियारी तथा अभनपुर में प्रसूता माताओं को पौधों से भरा बैग तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस अभियान के तहत अभी तक 1125 महिलाओं को 5 हजार 625 पौधे दिए गए हैं।

## जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2026 : कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि, आवेदन अब 13 अगस्त तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि नवोदय विद्यालय समिति द्वारा वृद्धि की गई है। आवेदन 13 अगस्त 2025 तक आमंत्रित किया गया है एवं चयन परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11.30 बजे आयोजित की जायेगी। प्राचार्य पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चिस्दा ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा-5वीं में 31 जुलाई 2025 से पूर्व तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत रहेंगे तथा जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच है, वे नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट httpsÑ//cbseitms.rcil.gov.in/nvs/Inde&/Registration पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

# तीन दिवसीय ट्रैव्हल एण्ड टूरिज्म फेयर अहमदाबाद में 31 जुलाई से, पर्यटन मण्डल अध्यक्ष नीलू शर्मा करेंगे छग का प्रतिनिधित्व

संवाददाता



**रायपुर।** गुजरात के अहमदाबाद में 31 जुलाई से 2 अगस्त 2025 तक आयोजित ट्रैव्हल एण्ड टूरिज्म फेयर (TTF) में इस बार छत्तीसगढ़ पर्यटन का विशेष आकर्षण रहेगा। पर्यटन मंडल अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा आयोजन में भाग लेंगे एवं तीन दिवसीय प्रवास के दौरान राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, जनजातीय संस्कृति और जल पर्यटन को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करेंगे।

श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को सस्टेनेबल व इको-टूरिज्म हब के रूप में प्रोजेक्ट करने का यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। देशभर से भाग लेने वाले प्रदर्शकों के बीच छत्तीसगढ़ अपनी विशिष्टता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ सामने आएगा।

श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का 44त्न हिस्सा वन क्षेत्र है, जिसमें 32 जनजातियाँ, 80 से अधिक जलप्रपात, और दर्जनों मनमोहक पर्यटन स्थल मौजूद हैं - जो पर्यटकों की पसंद लगातार बढ़ा रहे हैं। प्रदेश की सुशासन सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार पर्यटन अवसंरचना का विस्तार हो रहा है। सड़क, आवास, सुरक्षा एवं प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में सुनियोजित प्रयासों से छत्तीसगढ़ आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से उभर रहा है। पर्यटन मंडल इस मार्ट में सांस्कृतिक प्रदर्शन, डाक्यूमेंट्री प्रदर्शनी, एवं इंटरैक्टिव सत्र के माध्यम से राज्य को एक पर्यावरण-संवेदनशील एवं सांस्कृतिक गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करेगा।

# स्मृति पुस्तकालय योजना को जनता का भरपूर समर्थन : शिक्षा की ओर बढ़ते कदम

### आज दानदाताओं ने 35 पुस्तकों का किया दान, अब तक लगभग 1300 पुस्तकें मिली

रायपुर, संवाददाता



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार रायपुर जिला प्रशासन की अभिनव पहल 'स्मृति पुस्तकालय योजना' के आज 3 दानदाताओं ने 35 पुस्तकें दान की, जिनमें करियर गाइड, प्रतियोगी परीक्षाओं की सामग्री और प्रेरणादायक किताबें शामिल रहीं।

दान करने वालों में श्री कबीर सक्सेना, सुश्री शाहीन अंजुम और श्री के.के. सूर्यवंशी ने अपना अमूल्य योगदान दिया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उन्हें सम्मान पत्र भेंट कर उनके प्रयास की सराहना की।

यह पहल बच्चों के लिए न सिर्फपुस्तकालय बन रही है, बल्कि उम्मीद की एक नई किरण भी साबित हो रही है। दानदाताओं ने कहा, ÷हमारा छोटा सा योगदान किसी बच्चे की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकता है।÷

जिला प्रशासन ने जनता से अनुरोध है कि इस ज्ञानयात्रा में सहभागी बनें और पुस्तक दान कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भूमिका निभाएं। योजना के तहत अब तक करीब 50 दानदाताओं ने लगभग 1300 किताबें दान दी है।

इस कार्यक्रम में एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार बिश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# रायपुर : गंगा बाई ने ई-रिक्शा खरीदकर बदली परिवार की तस्वीर

### गंगा बाई ने ई-रिक्शा खरीदकर बदली परिवार की तस्वीर

### संकल्प से आत्मनिर्भरता तकः महिला समूह की प्रेरक गाथा

रायपुर, लोकशक्ति



जिला मुख्यालय महासमुंद के वार्ड क्रमांक 11 की रहने वाली श्रीमती गंगा बाई निर्मलकर ने यह सिद्ध कर दिखाया कि मजबूत इच्छाशक्ति, सही मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं का उचित उपयोग किसी भी परिवार को आत्मनिर्भर बना सकता है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित 10 महिलाओं के एक स्वयं सहायता समूह को शासन की योजनाओं के तहत बैंक से 3 लाख रुपये का ऋण दिलवाया गया। इस समूह की एक सदस्य श्रीमती गंगा बाई ने इस राशि का उपयोग अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में किया।

गंगा बाई के पति श्री दूजराम निर्मलकर ड्राय क्लीनिंग का कार्य करते थे और पुराने टू-व्हीलर से घर-घर कपड़े एकत्र करते थे। बरसात और धूल के कारण कपड़ों की गुणवत्ता पर असर पड़ता था, जिससे ग्राहकों की असंतुष्टि से आमदनी में कमी जैसी समस्याएं सामने आती थीं। इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए श्रीमती गंगा बाई ने महिला समूह के माध्यम से ऋण लेकर एक इलेक्ट्रॉनिक ई-रिक्शा खरीदा। अब वे इसी ई-रिक्शा के माध्यम से सुरक्षित रूप से कपड़े एकत्र करती हैं। इससे न केवल कपड़ों की गुणवत्ता बनी रहती है, बल्कि समय की भी बचत होती है। बचे हुए समय में श्री दूजराम अब स्कूलों के बच्चों और शिक्षकों को स्कूल लाने-ले जाने का कार्य करते हैं, जिससे उनकी मासिक आय 5 हज़ार से 6 हज़ार तक हो गई है। वहीं गंगा बाई अपने ड्रायक्लीन और प्रेस के काम से 7 से 8 हज़ार तक मासिक कमा रही हैं।

यह दंपति आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुका है। वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी समूह से जुड़ने और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उन्हें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और स्वास्थ्य बीमा जैसी योजनाओं का भी लाभ मिला है। दूजराम निर्मलकर का कहना है की मेरी पत्नी ने महिला समूह से जुड़कर परिवार की स्थिति को सशक्त किया। हर महिला को ऐसा प्रयास करना चाहिए। यही सच्ची आत्मनिर्भरता है।

## खास खबर

### साडा कॉलोनी में नवचेतना महिला समिति ने धूमधाम से मनाया सावन उत्सव

कोरबा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी साडा कॉलोनी जमनीपाली के नवचेतना महिला समिति द्वारा अग्र मंगल भवन, साडा कॉलोनी जमनीपाली में सावन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

महिला समिति के सभी सदस्यों ने इस मनभावन उत्सव में बड़े ही उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं खुशियों के पल बटोरे, फोटो खिंचवाएं, झुला झुले। सावन उत्सव के इस खास पल को और भी मनोरंजक बनाने के लिए अनेंको मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । इस अवसर पर अनेंकों स्वादिष्ट व्यंजनों का सभी ने लुत्फ उठाया। कार्यक्रम संध्या 4 बजे से देर रात तक चलता रहा है । कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी जोन तैयार किया गया था, जिसका भी आयोजकों ने आनंद लिया ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा अग्रवाल, अहूति भास्कर, डॉ.रितेश, सारिका सिंह, कविता यादव, निशा साहू, निर्मला देवी, राधा थापा, जानकी साहू, अनिता तनवर, नेहा राय, सिमरन राय, रूबी सिंह, सोनिया देवी, अनिता देवी, मीना भट्टाचार्य, उषा देवी, रूकमणी देवी, नीलम सिंह, नीलम रघुवंशी आदि का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन आंचल अग्रवाल ने किया ।

### उच्च श्रेणी शिक्षा के लिए केन्द्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना संबंध में अधिसूचना जारी

**कोरबा** । भारतीय वृक्षारोपण प्रबंधन संस्थान बेंगलुरू में कृषि-निर्यात और प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र में 02 वर्ष के एआईसीटीई अनुमोदित स्नात्कोत्तर कार्यक्रम अंतर्गत पीजीडीएम इन एग्रीबिजनेस एंड प्लांटेषन मैनेजमैंट, फूड प्रोसेसिंग एंड बिजनेस मैनेजमेंट एवंएग्रीकल्चर एक्सपोर्ट एंड बिजनेस मैनेजमेंट कोर्स प्रदान करता है। यह संस्थान भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय नई दिल्ली का एक स्वायत्त संगठन है। साथ ही भारत सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है एवं अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रों के लिए उच्च श्रेणी की षिक्षा के लिए केन्द्रीय क्षेत्रीय छात्रवृत्ति के अंतर्गत पंजीबद्ध है। पाठ्यक्रमों में प्रवेष के इच्छुक छात्र भारतीय वृक्षारोपण प्रबंधन संस्थाना बेंगलुरू की वेबसाइट ािजजचरूध्ध्पपचउइण्मकनणपदध्का विजिट कर एडमिषन के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### तन्मय खन्ना होंगे कटघोरा एसडीएम

कोरबा सामान्य प्रशासन विभाग ने 2023 बैच के 4 आईएएस अधिकारियों की पदस्थापना सूची जारी की है। सूची में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2023 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में फेस दो प्रशिक्षण संपन्न करने तथा 25 जुलाई को कार्यमुक्त होने के बाद अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। उक्त सूची में 2023 बैच के आईएएस अनुपमा आनंद को सहायक कलेक्टर रायपुर से अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली महासमुंद भेजा गया हैं। आईएएस एम. भार्गव को सहायक कलेक्टर दुर्ग से अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ राजनांदगांव भेजा गया हैं।

# आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में एन.सी.ए.पी. सिटी लेवल पर्यवेक्षण व क्रियान्वयन समिति की बैठक साकेत भवन में हुई सम्पन्न

**वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम से जुड़े कार्यो पर आपसी समन्वय बनाकर पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें सार्वजनिक प्रतिष्ठान व विभाग- आयुक्त**

**नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम**



**कोरबा** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम से जुड़े विभागों व सार्वजनिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से कहा कि कोरबा में वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम से जुड़े कार्यो व पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों पर आपसी समन्वय बनाकर पूरी इच्छा शक्ति के साथ कार्य करें तथा सकारात्मक परिणाम हासिल करें। उन्होने कहा कि वायु का प्रदूषण आज की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक हैं विशेषकर औद्योगिक क्षेत्रों में यह समस्या कुछ ज्यादा ही है, इस समस्या से निपटने हेतु हम सबको दृढ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करना होगा, व्यापक जनजागरूकता लानी होगी, आमजन को इस कार्यक्रम से जोड़ना होगा।

उक्त बातें आयुक्त श्री पाण्डेय ने सोमवार को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की सिटी लेवल मानीटरिंग एवं इम्पली मेन्टेशन कमेटी की बैठक के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत गठित सिटी लेवल मानीटरिंग एण्ड इम्पली मेन्टेशन कमेटी की बैठक आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने एन.सी.ए.पी. फंड के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक किए गए कार्यो की समीक्षा की तथा कार्यो की भौतिक व वित्तीय प्रगति की बिन्दुवार जानकारी लेते हुए वायु गुणवत्ता सुधार एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभी तक किए गए कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि वायु गुणवत्ता सुधार एवं नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम से जुड़े विभिन्न कार्यो व गतिविधियों को समस्त सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं संबंधित विभाग पूरी गंभीरता से लें एवं धरातल स्तर पर ठोस कार्यवाही करें। बैठक के दौरान वर्ष 2024-25 के लिए नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत प्रस्तावित एनुअल एक्शन प्लान, तैयार किए गए प्रस्तावों व उनके अनुमोदन की स्थिति के साथ-साथ संबंधित विस्तृत कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई तथा आगामी समय में किए जाने वाले कार्यो व गुणवत्ता सुधार की दिशा में उठाए जाने वाले महत्वपूर्ण कदमों पर भी विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान प्रोग्राम अंतर्गत डम्प साईट निर्माण, आक्सी जोन निर्माण, वृक्षारोपण, गारवेज प्रबंधन, उद्यानों के निर्माण, सी.एण्ड डी.वेस्ट प्रबंधन, कोल ट्रांसपोटिंग, रोड डस्ट प्रबंधन सहित वायु गुणवत्ता सुधार के विभिन्न पहलुओं व विषयों पर किए गए कार्यो की समीक्षा भी की गई।

अपने कार्य क्षेत्रों में प्रतिमाह गतिविधियॉ संचालित कराएं प्रतिष्ठान - बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने सार्वजनिक प्रतिष्ठानों व संबंधित विभागों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने व जनजागरूकता लाने कौन सी गतिविधियॉ संचालित की जानी हैं, इसकी विस्तृत गाईड लाईन शासन द्वारा प्रदान की गई है, सभी सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में गाईड लाईन के अनुसार एन.सी.ए.पी. से जुड़ी गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन कराएं तथा की गई गतिविधियों की जानकारी दें।

### पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्स में प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी

**कोरबा** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई-जून 2025-26 लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के दूरवर्ती शिक्षा अंतर्गत अध्ययन केंद्र कोरबा में प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश अधिसूचना के तहत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं कौशल विकास कार्यक्रम पाठ्यक्रमों में स्नातक कोर्स अंतर्गत ,बीए, बीएससी गणित व जीवविज्ञान, बीकॉम(आनर्स) बीबीए(आनर्स),बी-लिब एंड आईएससी, स्नाकोत्तर कोर्स के अंतर्गत एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एमकॉम, एमए/एमएससी गणित व कम्प्यूटर साइंस, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस, पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा अंतर्गत पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा कोर्स अंतर्गत डिप्लोमा इन योग साइंस, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा इन साइकोलॉजीकल गाइडेंस एंड काउंसलिंग, रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा आदि कोर्स शामिल है।

# आंगनबाड़ी का छत प्लास्टर भरभराकर गिरा, बच्चे नहीं पहुंचे थे, अनहोनी टाला

**0 झालावाड़ स्कूल कांड को याद कर सहमे अभिभावक**



कोरबा, 29 जुलाई (आरएनएस)। सरकारी भवनों की जर्जर स्थिति को लेकर कोरबा जिले के विभिन्न स्थानों पर समस्या बनी हुई है । इनका परीक्षण करने के साथ आवश्यक सुधार करने पर जोर दिया गया है लेकिन समय पर काम नहीं होने से दुर्घटनाएं हो रही है। इसी कड़ी में झाबर में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 की छत का प्लास्टर भर भर कर गिर पड़ा। अच्छा यह हुआ कि आंगनबाड़ी केंद्र खुला नहीं था। इसलिए बड़ी अनहोनी टल गई। घटना की जानकारी हुई तो लोग सक्ते में आ गए। अनहोनी टलने पर उन्होंने ईश्वर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जानकारी के अनुसार आज सुबह 9 बजे के आसपास यह घटना हुई। नगर पालिका क्षेत्र दीपका से अलग हटकर झाबर में यह आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है जो कटघोरा विकासखंड और आईसीडीएस परियोजना में आता है। जानकारी मिली है कि आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति बनी हुई थी और एक दो अवसर पर लोगों ने विभागीय अधिकारी को इस संबंध में अवगत कराया था। उनसे कहा गया था कि यहां पर सुधार की जरूरत है और इस दिशा में गंभीरता दिखाई जाए। लेकिन लोगों की बातों को काफी हल्के से लिया गया। इस दौरान समय गुजर और बारिश के प्रभाव से स्थिति प्रतिकूल हुई। इस बीच आज सुबह आंगनबाड़ी केंद्र संख्या तीन का प्लास्टर जोर की आवाज के साथ धराशाई हो गया। जब केंद्र खोलने के लिए कार्यकर्ता और सहायिका यहां पहुंची तो उन्होंने इस दृश्य को देखा। कुछ देर में बच्चों के अभिभावकों को भी इसका पता चला। इस दौरान सभी ने मामले को लेकर हैरानी जताई। उन्होंने कुछ दिन पहले ही राजस्थान के झालावाड़ में एक सरकारी स्कूल भवन की छत के जमींदोज होने और 9 बच्चों की जिंदगी समाप्त होने का जिक्र किया। उनका कहना था कि आज जो घटना हुई है , उसका स्वरूप छोटा है लेकिन यह चिंता का विषय तो है ही। विधायक प्रतिनिधि नीलेश साहू ने बताया कि उन्होंने और सरपंच की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र की समस्या के बारे में विभाग को अवगत कराया जा चुका था

### असर्वेक्षित ग्राम भूलाझेरिया व मसुरिया के नक्शा के अंतिम प्रकाशन के लिए उद्घोषणा जारी

**भू-धारक कार्यालयीन समय में सबंधित ग्रामो के पंचायत भवन में नक्शा, खसरा का कर सकते है अवलोकन**

**ग्रामों के जारी नक्शा शीटों, खसरों पर दावा आपत्ति आमंत्रित**

**व्यक्ति या संस्था 15 दिवस के भीतर दावा आपत्ति कर सकते हैं प्रस्तुत**

**कोरबा** । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिला में असर्वेक्षित ग्रामों का राजस्व सर्वेक्षण का कार्य प्रक्रियाधीन है। जिसके तहत राजस्व निरीक्षक मंडल कोरबा ग्रामीण व तहसील कोरबा अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 11 ग्राम भूलाझेरिया एवं राजस्व निरीक्षक मंडल तिवरता , तहसील हरदी बाजार अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 09 ग्राम मसुरिया से प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत किसी प्रकार की दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने से अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही हेतु उद्घोषणा किया जाना है। सर्वेक्षण कार्य एजेन्सी आईआईटी रुड़की द्वारा अंतिम प्रकाशन हेतु तहसील कोरबा अंतर्गत ग्राम भूलाझेरिया के 01 नक्शा शीट, तहसील हरदी बाजार के ग्राम मसुरिया के 01 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है। संबंधित नक्शा शीटों का भौतिक सत्यापन राजस्व सर्वेक्षण दल द्वारा कराकर नक्शा व खसरा तैयार किया गया है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार अभिलेख खसरा व नक्शा भू-धारकों के अवलोकन हेतु संबंधित ग्रामों के पंचायत भवन में कार्यालयीन अवधि में उपलब्ध रहेगा। उक्त संबंध में हल्का पटवारी द्वारा तैयार किए गए नक्शा शीटों एवं खसरों पर दावा आपत्ति आमंत्रित है। किसी भी व्यक्ति या संस्था को तैयार किए गए नक्शा शीटों पर आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से आगामी 15 दिवस के भीतर लिखित / मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय ।

# छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ का 13वां द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

**कोरबा** । भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ का 13वां द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन श्रम कल्याण केंद्र (जूनियर क्लब), एचटीपीएस कॉलोनी दर्री, कोरबा-पश्चिम में संपन्न हुआ। अधिवेशन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन रहे। मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री एवं विद्युत उद्योग प्रभारी राधेश्याम जयसवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार पांडे, अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के उप महामंत्री हरीश चैहान, उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राजकुमार नायक, एवं वरिष्ठ समाजसेवी अशोक मोदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी.एस. राजपूत ने की, जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ द्वारा किया गया। **अधिवेशन में पारित प्रमुख प्रस्ताव**

अधिवेशन के दौरान बिजली कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं सात प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए जिसके अंतर्गत पुरानी पेंशन योजना की बहाली, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, तकनीकी कर्मचारियों को 3: तकनीकी भत्ता (अधिकारियों के समतुल्य), मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर चतुर्थ उच्चतर वेतनमान लागू करना, उच्च योग्यताधारी कर्मियों को टीएध्टीडी एवं कनिष्ठ यंत्री बनाना, ठेका कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, अन्य श्रम हितैषी प्रस्तावों को अमल में लाना रहा, इसके अतिरिक्त संगठन की दो वर्षों की कार्यप्रणाली एवं वित्तीय रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई।

# बनवार गांव में कच्चा कुंआ धंसने से एक परिवार के तीन सदस्य लापता

**0 रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू**



कोरबा, बनवार गांव में एक कुंआ धंस गया है। घटना में एक परिवार के तीन सदस्यों के लापता होने की खबर है। कुएं के पास चप्पल मिलने से उनके दबने की आशंका के आधार पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने की तैयारी की जा रही है।


जानकारी के अनुसार कटघोरा पुलिस थाना जटगा चैकी अंतर्गत आने वाले धनवार गांव में यह घटना हुई। ज्ञात हुआ कि यहां गर्मी के मौसम में छेदुराम श्रीवास (65) वर्षके परिवार ने अपनी जरूरत के लिए कुंआ खुदवाया था। इसकी गहरायी करीब 40 फीट है। अब तक की स्थिति में कुआं कच्चा ही है। बजट के हिसाब से इसे कुछ समय बाद इसे पक्का कराने की योजना बनायी गई। इधर बारिश के मौसम में निचले श्रोत और बारिश के पानी के असर ने कुएं पर विपरीत प्रभाव डाला। जानकारी मिली की सोमवार को हुई घटना में कच्चा कुंआ धंस गया। कुएं के नजदीक इस परिवार के 3 सदस्यों की चप्पल मिली है। इसके साथ ही अब तक की खबर में मालूम चला की छेदुराम श्रीवास के अलावा पत्नी श्रीमती कंचन बाई (53)वर्ष और 30 वर्षीय पुत्र गोविंद श्रीवास लापता है। ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है कि कल की घटना में ये कुएं में दब सकते हैं। आज इस मामले की जानकारी होने पर स्थानीय लोगों के साथ पुलिस ने संज्ञान लिया। संबंधित अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया गया है ताकि हर स्तर पर लापता लोगों की यथासंभव खोज की जा सके।

क्या कुछ हुआ, जानकारी नहीं

धनवार गांव में हुई इस घटना को लेकर अब तक स्पष्ट रूप से यह पता नहीं चल सका है कि घटना किस समय हुई। परिवार के लोग तब कुएं के पास थे।

# गंदगी करने वालों के साथ अब कोई रियायत नहीं, राजू होटल पर निगम ने लगाया 50 हजार रू. का अर्थदण्ड

**लगातार दी जा रही समझाईश के बावजूद आदतों में सुधार नहीं ला रहे कतिपय लोग, शहर की स्वच्छता पर लगा रहे दाग**



**कोरबा** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर को साफ-सुथरा रखने, गंदगी न फैलाने की दी जा रही लगातार समझाईश के बाद अब शहर की स्वच्छता के साथ खिलवाड़ करने व गंदगी फैलाने वालों के साथ निगम किसी भी प्रकार की रियायत करने के मूड में नहीं है, सोमवार को टी.पी.नगर कोरबा स्थित राजू होटल के संचालक द्वारा गंदगी फैलाने एवं होटल से उत्सर्जित अपशिष्ट को नाली में डालने पर निगम ने कड़ी कार्यवाही करते हुए उस पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया, साथ ही कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति होने पर अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

यहॉ उल्लेखनीय है कि आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के कोरबा में पदस्थ होने के बाद से ही शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई व्यवस्था में आमूल-चूल सकारात्मक बदलाव लाने को निगम द्वारा सर्वप्राथमिकता पर रखा गया है, एक ओर जहॉ आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय स्वयं प्रतिदिन सुबह 07 बजे से शहर का भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यो सहित अन्य व्यवस्थाओं का कड़ाई से निरीक्षण कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके कड़े दिशा निर्देशन में निगम के सभी जा ेन कमिश्नर अपने-अपने जोन के मैदानी अमले व एक्शन टीम के साथ सुबह-सुबह फील्ड में खड़े नजर आते हैं, जो वार्ड व बस्तियों का भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यो, अतिक्रमण, अवैध कब्जों सहित पेयजल, सड़क रोशनी व शहर की अन्य व्यवस्थाओं का सतर्क निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। निगम अमले द्वारा साफ सफाई के प्रति लोगों को लगातार जागरूक भी किया जा रहा है, शहर की स्वच्छता में अपनी सहभागिता देने की अपील के साथ-साथ सड़क, नाली में कचरा न डालने, गंदगी न करने की लगातार समझाईश भी दी जा रही है। इन सबके बावजूद कतिपय लोग अपनी आदतों में सुधार नहीं ला रहे हैं, उनके द्वारा कचरे को सड़क नाली में डाल दिया जा रहा है, जिससे शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई कार्य बाधित हो रहे हैं, निगम के इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को धक्का लग रहा है।

अभी 50 हजार रू. जुर्माना, आगे वैधानिक कार्यवाही भी - नगर निगम कोरबा अब गंदगी करने वालों को किसी भी प्रकार की रियायत देने के मूड में नहीं है, लगातार दी जा रही समझाईश के बावजूद गंदगी करने वालों के विरूद्ध अब कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज टी.पी.नगर कोरबा स्थित राजू होटल पर निगम ने 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया, जोन कमिश्नर श्री अखिलेश शुक्ला ने बताया कि उक्त होटल संचालक द्वारा होटल से उत्सर्जित अपशिष्ट कोयल की राख आदि को नाली में डम्प किया जा रहा था, साथ ही उत्सर्जित मलवे को सड़क व आसपास के स्थल में फेंका जा रहा था, इसे गंभीरता से लेते हुए निगम द्वारा उक्त होटल संचालक पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया, साथ ही कड़ी चेतावनी भी दी गई कि उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति न हों, अन्यथा अर्थदण्ड के साथ-साथ अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी। शराब दुकान पर 5000 रू. अर्थदण्ड- इसी प्रकार नगर पालिक निगम कोरबा के अमले के द्वारा खरमोरा मैगजीनभांठा स्थित शराब दुकान के संचालक पर भी गंदगी फैलाने के कारण 5000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया, अधिकारियों ने बताया कि उक्त शराब दुकान परिसर तथा आसपास के स्थल में काफी मात्रा में गंदगी फैलाई गई थी, जिस पर कार्यवाही करते हुए निगम अमले ने उक्त अर्थदण्ड लगाया, साथ ही कड़ी चेतावनी दी कि उत्सर्जित कचरे का उचित प्रबंधन दुकान संचालक कराएं, गंदगी न करें अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### डिजिटल कोरबा की ओर बढ़ता हर कदम -तकनीक से जुड़ता हर नागरिक

**0 ग्रामीण क्षेत्रों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से बढ़ी जनसुविधाएं**

**कोरबा** आज डिजिटल क्रांति की लहर न केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज़ी से अपना प्रभाव जमा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व एवं सुशासन सरकार की दूरदर्शी नीतियों के परिणामस्वरूप जिले के ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ किया गया है, जिससे ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं का लाभ उनके अपने गांव में ही मिलने लगा है। पहले ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी एवं बैंकिंग सेवाओं के लिए शहरों और तहसीलों तक दूर-दूर जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। वहीं, कई बार लंबी दूरी और अनजान प्रक्रियाओं के कारण जरूरी कार्य भी अधूरा रह जाता था। अब अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीण अपनी मूलभूत जरूरतों जैसे पीएम किसान योजना की पंजीकरण, एईपीएस ट्रांजैक्शन, फ ॉर्मर आईडी बनवाना, आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड बनवाना व त्रुटि सुधार जैसे कार्य आसानी से अपने गांव में ही कर पा रहे हैं। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में इन सुविधा केंद्रों के संचालन से ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।



रायपुर के नगर निगम द्वारा की गई होटलों की चेकिंग

## गंदगी फैलाने पर 4 डेयरी संचालकों को कड़ी चेतावनी

रायपुर,

नगर पालिक निगम रायपुर में प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए गए आदेशानुसार और अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पाण्डेय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री बारोन बंजारे, उमेश नामदेव, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में वस्तुस्थिति की जानकारी लेने जोन 9 क्षेत्र अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक 7 के अंतर्गत दलदलसिवनी आवासीय क्षेत्र में संचालित डेयरी संचालकों द्वारा में नाली में गोबर बहाये जाने और गन्दगी फैलाये जाने की जनशिकायत स्थल पर सही पायी गयी और जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने दलदलसिवनी स्थित डेयरी संचालक संजय कुमार यादव पर 500 रूपये, जितेन्द्र यादव और विकास यादव पर 1-1 हजार रूपये और डेयरी संचालक गौरीशंकर यदु पर स्थल पर उन्हें भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए तत्काल 2000 रूपये इस प्रकार चार सम्बंधित डेयरी संचलकों पर कुल 4500 रूपये का ई जुर्माना किया। नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की ओर से जोन 9 जोन कमिश्नर ने सम्बंधित डेयरी संचालकों को नोटिस जारी कर निगम क्षेत्र आवासीय सीमा क्षेत्र से बाहर अपनी डेयरियों को शीघ्र स्वतः शिफ्ट कर लेने कहा है, अन्यथा की स्थिति में डेयरी के सभी मवेशियों को जप्त कर डेयरियों में सीलबंदी की कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी सम्बंधित डेयरी संचालकों को दी है।

## अंतिम सावन सोमवार को शिव मंदिर में होगा भजन कीर्तन का आयोजन

रायपुर, प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को दलदल सिवनी स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन शाम सात बजे आयोजित किया गया है इसके साथ ही गांव के श्रद्धालुओं द्वारा सुबह 5 बजे से भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक कर विधिविधान से पूजा की जाएगी। चार अगस्त को मंदिर के पुजारी नारायण शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। महाआरती का आयोजन दोपहर 12 बजे एवं शाम छह बजे आयोजित किया गया है। दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक प्रसादी (भंडारा) वितरण का आयोजन मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। पंडित शर्मा ने आसपास के श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में यज्ञ आदि में शामिल होने की अपील की है।

## राज्य में पहली बार दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए स्पेशल एजुकेटर की सीधी भर्ती

**रायपुर,** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य में पहली बार दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए नियमित विशेष शिक्षकों (स्पेशल एजुकेटर) की सीधी भर्ती की जा रही है। इस पहल के तहत कुल 100 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिससे समावेशी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। उप संचालक लोक शिक्षण द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्राथमिक शालाओं के लिए 50 पद उच्च प्राथमिक शालाओं के लिए 30 पद तथा उच्चतर माध्यमिक शालाओं के लिए 20 पद द्विव्यांगजनों के लिए आरक्षित किए गए हैं। इस संबंध में संक्षिप्त विज्ञापन स्कूल शिक्षा विभाग की अधिकृत वेबसाइट पर जारी किया गया है। विस्तृत विज्ञापन तथा ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी भी शीघ्र ही वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया में केवल वे अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिन्होंने भारतीय पुनर्वास परिषद्, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.एड./डी.एड. (स्पेशल एजुकेशन) की डिग्री प्राप्त की हो एवं जिनका पंजीयन पुनर्वास परिषद् में दर्ज हो।

## अवैध शराब बेचने,सार्वजनिक स्थानो पर पीने तथा अड्डेबाजी करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही

**दुर्ग,** दुर्ग पुलिस ने अवैध शराब बेचने,सार्वजनिक स्थानो पर पीने तथा अड्डेबाजी करने के मामाले में 55 लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की है। बता दें कि दुर्ग जिले में अपराध के रोकथाम हेतु एवं अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक 27.07.2025 को दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक जगह पर शराब का सेवन करने वाले, अवैध रूप से शराब बिकी करने वाले तथा अड्डेबाजी करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही किया गया । इस अभियान में मुखवीर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर थाना पुरानी भिलाई क्षेत्र मे शेषनारायण वर्मा द्वारा पान ठेला के पास सोमनी में, चौकी जेवरा सिरसा क्षेत्रांतर्गत करंजा भिलाई चांदनी चौक के पास खिलेश्वर वर्मा व कमल नारायण निषाद , थाना सपेला क्षत्रांतर्गत संजय नगर में राकेश वर्मा, थाना वैशाली नगर क्षेत्र में जवाहर नगर में चंद्रकला व स्टील नगर में एम. जगदीश द्वारा अवैध शराब बिक्री करते हुए पाये जाने पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया । इसी क्रम में आम सार्वजनिक जगहों पर अड्डेबाजी एवं शराब का सेवन करते पाये जाने पर दुर्ग जिला के विभिन्न थाना/चौकी में कुल 55 प्रकरण दर्ज कर 55 लोगों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है ।

# स्वच्छता सर्वे में शामिल 169 में से 115 शहरों ने सुधारी अपनी रैंकिंग

### गारबेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग में राज्य के 62 शहरों ने बढ़ाया अपना दर्जा, रायपुर को सेवन स्टार सम्मान

### सिंगल, थ्री और फाइव स्टार दर्जा प्राप्त शहरों की संख्या 114 पहुँची, पिछले सर्वे में थी 71

### तीन नगर निगम ओडीएफप्लस प्लस से वाटर प्लस श्रेणी में पहुंचे, 163 निकायों को मिला ओडीएफ प्लस प्लस दर्जा

रायपुर, लोकशक्ति



**भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25** शहरी स्वच्छता में छत्तीसगढ़ की लंबी छलांग, स्वच्छता सर्वे में शामिल 169 में से 115 शहरों ने सुधारी अपनी रैंकिंग ।

शहरी स्वच्छता में छत्तीसगढ़ की लंबी छलांग, स्वच्छता सर्वे में शामिल 169 में से 115 शहरों ने सुधारी अपनी रैंकिंग ।

शहरी स्वच्छता में छत्तीसगढ़ की लंबी छलांग, स्वच्छता सर्वे में शामिल 169 में से 115 शहरों ने सुधारी अपनी रैंकिंग ।

भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। राज्य के नगरीय निकायों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है कि इस बार सर्वेक्षण में शामिल 169 शहरों में से 115 शहरों ने अपनी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है। स्वच्छता के इस राष्ट्रीय मूल्यांकन में देशभर के 4,566 शहरों के बीच छत्तीसगढ़ के 25 शहर टॉप-100 में शामिल हुए हैं, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में बड़ी छलांग है, जब केवल 16 शहर टॉप-100 में आ पाए थे।

राज्य के 62 नगरीय निकायों ने गारबेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग में अपना दर्जा बढ़ाया है, जबकि सिंगल, थ्री और फाइव स्टार प्राप्त करने वाले शहरों की संख्या 71 से बढ़कर अब 114 हो गई है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर ने इस बार फाइव स्टार से बढ़कर सेवन स्टार की सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त की है। रायपुर को गारबेज-फ्री सिटी श्रेणी में यह सम्मान प्राप्त हुआ है, साथ ही स्वच्छता में उसे वाटर प्लस शहर का दर्जा भी मिला है।

इस बार बिलासपुर, कोरबा और भिलाई नगर–ये तीन नगर निगम ओडीएफ प्लस प्लस से बढ़कर वाटर प्लस श्रेणी में पहुंच गए हैं। राज्य के 163 नगरीय निकायों को ओडीएफप्लस प्लस का दर्जा प्राप्त हुआ है, जिनमें किरंदुल और भाटापारा नगर पालिका तथा कुंरा नगर पंचायत जैसे निकाय भी शामिल हैं, जो पहले केवल ओडीएफ श्रेणी में थे। सीतापुर नगर पंचायत ने भी ओडीएफप्लस से आगे बढ़कर ओडीएफ प्लस प्लस दर्जा हासिल किया है।

पिछले डेढ़ वर्षों में 62 नगरीय निकायों ने अपने सतत प्रयासों के माध्यम से गारबेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग में सुधार किया है। बिलासपुर और अंबिकापुर ने अपने थ्री स्टार स्तर को बढ़ाकर फाइव स्टार किया है, जबकि भिलाई नगर, जगदलपुर नगर निगम, जामुल नगर पालिका और घरघोड़ा नगर पंचायत ने 2023-24 के सिंगल स्टार दर्जे से आगे बढ़ते हुए अब थ्री स्टार प्राप्त किया है। वहीं, धमतरी, शिबरीनारायण और राजपुर जैसे शहर, जो पूर्ववर्ती सर्वे में स्टार रेटिंग में नहीं थे, उन्होंने सीधे थ्री स्टार श्रेणी में प्रवेश किया है। स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में विशेष प्रयासों के चलते राज्य के 52 नगरीय निकायों ने नो स्टार से उन्नत होकर अब सिंगल स्टार दर्जा प्राप्त कर लिया है।

इस बार कई नगरीय निकायों की राष्ट्रीय रैंकिंग में बड़ा सुधार देखने को मिला है। वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्तर पर 649वें स्थान पर रहे सिमगा ने इस बार 95वीं रैंक हासिल की है। इसी तरह जशपुर 637वें से 91वें, राजपुर 630वें से 63वें और घरघोड़ा 616वें से 71वें स्थान पर आ गया है। भिलाई-चरोदा ने अपनी रैंकिंग 587 से सुधारकर 68, दोरनापाल ने 557 से 81, दंतेवाड़ा ने 552 से 70, जगदलपुर ने 461 से 55, मुंगेली ने 447 से 86, कवर्धा ने 430 से 77, कुनकुरी ने 426 से 84, दुर्ग ने 314 से 80, राजनांदगांव ने 268 से 46, भिलाई नगर ने 267 से 22, छुरा ने 230 से 76, प्रतापपुर ने 173 से 62, बलरामपुर ने 65 से 53 और रायपुर ने 12वीं रैंक से बढ़कर चौथा स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य के शहरों की इस उपलब्धि को स्थानीय निकायों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि शहरी सरकार, राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर नवाचारों के साथ शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के शहरों की रैंकिंग में और भी सुधार होगा और इस बार की राष्ट्रीय सफ्लता सभी नगरीय निकायों को और अधिक प्रेरित करेगी।

## रीपा योजना में गड़बड़ी पाए जाने पर हुई कार्यवाही o 3 पंचायत सचिव निलंबित, 3 जनपद सीईओ को संभागायुक्त कावरे ने जारी किया शोकॉज नोटिस

**रायपुर,** रीपा योजना का पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने शासन स्तर पर जांच की थी जिसके प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही की गई। जांच में विभिन्न स्तर पर गड़बड़ी एवं नियम प्रक्रिया का पालन नहीं करना पाया गया। जांच के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। रायपुर संभाग के 3 पंचायत सचिव पर निलंबन कार्यवाही की गई है। साथ ही तत्कालीन जनपद पंचायत सीईओ को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। संभागायुक्त कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महासमुंद जिला पंचायत सीईओ ने जनपत पंचायत महासमुंद के ग्राम पंचायत बिरकोनी के सचिव शंकर साहु, बलौदाबाजार-भाटापारा के जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत पलारी के गिर्रा के ग्राम पंचायत सचिव खिलेश्वर ध्रुव और जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लटुआ के सचिव टीकाराम निराला को निलंबित किया है। इन्हें भण्डार क्रय नियम का पालन न करने, बगैर तकनीकी परीक्षण किये मशीन क्रय करना एवं मशीन के देय का खण्ड खण्ड भुगतान के साथ कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने के कारण यह कार्यवाही की गई है। रीपा की जांच के संबंध में संभागायुक्त श्री महादेव कावरे द्वारा तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पलारी श्री रोहित नायक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को, तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बलौदाबाजार श्री रवि कुमार जिला बलौदाबाजार भाटापारा एवं तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद, लिखत सुल्ताना जिला महासमुंद को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# पीएम आवास योजना के तहत निर्माणाधीन एवं अपूर्ण कार्यों की जिला पंचायत सीईओ ने की समीक्षा

### कार्य में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**कांकेर,** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने 26 जुलाई शनिवार को निर्माणाधीन आवासों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने हेतु जनपद पंचायत सीईओ, विकासखण्ड समन्वयक, सरपंच एवं सचिवों की पंचायतवार योजना के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच, सचिव एवं जनप्रतिनिधियों को सहभागिता निभाते हुए हितग्राहियों को क्लस्टर आधार पर निर्माण सामग्री उपलब्ध करवाएं। साथ ही राजमिस्त्री की उपलब्धता सुनिश्चित कर हितग्राहियों को प्रोत्साहित करते हुए समय-सीमा में आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा आरसेटी के माध्यम से दिए जा रहे राजमिस्त्री प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत के अधिक से अधिक युवाओं की प्रोत्साहित करते हुए प्रशिक्षण में शामिल करने के निर्देश सरपंचों को दिए गए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में वर्ष 2016-24 तक कुल 29207 आवासों की स्वीकृति की गई है, जिनमें से 26 हजार 643 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्ष-2024-25 में जिले को 37 हजार 932 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध 30 हजार




103 आवासों को स्वीकृत करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया है। स्वीकृत आवासों में जिले में कुल 05 हजार 262 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 24 हजार 841 आवास निर्माणाधीन हैं। योजनांतर्गत आवास निर्माण हेतु हितग्राहियों को तीन किश्तों में कुल 1.20 लाख की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में जारी की जा रही है। स्वीकृति पश्चात प्रथम किश्त की राशि 40 हजार रूपए प्लिंथ स्तर तक आवास निर्माण के पश्चात 55 हजार रूपए एवं आवास पूर्ण होने के पश्चात 25 हजार रूपए की राशि जारी की जा रही है, जिससे हितग्राहियों को 25 वर्ग मीटर में पक्की छत एवं रसोई घर में गैस चूल्हे हेतु प्लेटफ़ॉर्म सहित आवास का निर्माण कराना है। साथ ही मनरेगा से अभिसरण के तहत 90 दिनों का मजदूरी भुगतान की राशि प्रचलित दर पर प्रदान की जा रही है। उन्होंने समीक्षा के दौरान पंचायत में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं होने पर विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत कुल्हाड़कट्टा, विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम पंचायत मुल्ले एवं विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत देवगांव के पंचायत सचिव के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

इसी प्रकार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत बेलगाल एवं लक्ष्मीपुर के पंचायत सचिव का वेतन रोकने तथा विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत घोठा एवं चवेला, विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत डुमाली एवं सरंगपाल, विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत बांदे एवं विकासखण्ड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत दमकसा के पंचायत सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश उप संचालक पंचायत को दिए।

## नेत्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय और श्री विनायक नेत्र अस्पताल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

रायपुर, लोकशक्ति

शैक्षणिक समुदाय के बीच स्वास्थ्य सेवा और कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर ने श्री विनायक नेत्र अस्पताल, रायपुर के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं - जो छत्तीसगढ़ में नेत्र देखभाल सेवाओं में एक प्रतिष्ठित नाम है।

इस समझौते का उद्देश्य कलिंगा विश्वविद्यालय से जुड़े छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करना है।

**समझौता ज्ञापन के प्रावधानों के तहतः** परामर्श शुल्क पर 50% की छूट प्रदान की जाएगी। उन्नत नेत्र जांच सहित जांच और नैदानिक परीक्षणों पर 25% की छूट दी जाएगी। इन-पेशेंट केयर और सर्जिकल प्रक्रियाओं पर 10% की छूट लागू होगी। समझौता ज्ञापन पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी और श्री विनायक नेत्र चिकित्सालय के जनसंपर्क अधिकारी श्री रणविजय सिंह ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. ए. विजयानंद भी उपस्थित थे और उन्होंने इस स्वास्थ्य-केंद्रित पहल की सराहना की।

डॉ. गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि यह साझेदारी समग्र छात्र विकास और कल्याण के लिए विश्वविद्यालय की निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जबकि श्री सिंह ने सामुदायिक पहुंच और निवारक नेत्र देखभाल जागरूकता के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

**छूट के अतिरिक्त, अस्पताल ने निम्नलिखित पर भी सहमति व्यक्त की है:** विश्वविद्यालय परिसर में नियमित रूप से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित करेंगे। आंखों की देखभाल, मोबाइल-कंप्यूटर से होने वाली आंखों की थकान और बचाव के तरीकों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाएं जाएंगे।

विश्वविद्यालय से जुड़े लाभार्थियों को प्राथमिकता के साथ अपॉइंटमेंट दिए जाएंगे। यह समझौता ज्ञापन न केवल कलिंगा विश्वविद्यालय की स्वास्थ्य सेवा सहायता प्रणाली को मजबूत करता है, बल्कि इसके हितधारकों की समग्र भलाई सुनिश्चित करने में इसकी सक्रिय भूमिका को भी सुदृढ़ करता है।

# कुरुद विकासखंड के ग्राम अटंग में मनरेगा योजना से बना नवीन आंगनबाड़ी भवन

### नौनिहालों के गढ़ रहे भविष्य की बुनियाद

धमतरी , लोकशक्ति




जिले के कुरुद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अटंग में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत निर्मित नवीन आंगनबाड़ी भवन अब गांव के नौनिहालों की शिक्षा, पोषण और समग्र विकास का केंद्र बन गया है। यह भवन न केवल बच्चों की मुस्कान लौटाने वाला स्थान बन चुका है, बल्कि यह ग्रामीण विकास और बाल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

25 वर्ष पूर्व निर्मित आंगनबाड़ी अति जर्जर हो जाने के कारण बच्चों को न पर्याप्त जगह मिलती थी, न ही सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण। बच्चों के बैठने, खेलने और पढ़ाई करने के लिए हमेशा भय बना रहता था। भवन जर्जर होने के कारण बारिश या गर्मी से सुरक्षा देने वाली व्यवस्था का अभाव हो रहा था।

**मनरेगा बना बदलाव का माध्यम –**

गांव के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग पर पंचायत द्वारा प्रस्ताव बनाकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत आंगनबाड़ी भवन के निर्माण की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2024-25, स्वीकृत राशि 11 लाख 69 हजार रूपये प्राप्त की गई। निर्धारित समय-सीमा में स्थानीय श्रमिकों की मेहनत से मजबूत, सुंदर और सुविधायुक्त भवन तैयार किया गया। इस कार्य में स्थानीय मजदूरों को रोजगार भी मिला जिससे उन्हें 800 मानव दिवस अर्जित करते हुए आर्थिक संबल मिला।

**आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भवन** – नवीन आंगनबाड़ी भवन में बच्चों के लिए उपयुक्त फर्श, हवादार कमरे, सुरक्षित दरवाजे-खिड़कियां, शौचालय, साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था और बैठने-पढ़ने के लिए पर्याप्त जगह बनाई गई है। इसके अलावा रंग-बिरंगी दीवारों और चित्रों से भवन को बच्चों के अनुकूल बनाया गया है।

**नौनिहालों की शिक्षा और पोषण में सुधार** –अब इस आंगनबाड़ी में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, पोषणयुक्त भोजन और खेल-खेल में सीखने का वातावरण मिल रहा है। अभिभावक अब निश्चिंत होकर बच्चों को भेजते हैं, जिससे बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ी है। साथ ही यहां बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और माताओं को पोषण शिक्षा भी दी जा रही है।

**गांव में बदलाव की बयार –**

इस आंगनबाड़ी भवन ने अटंग गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य को नई दिशा दी है। गांव के लोगों में अब शासन की योजनाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है। महिलाएं भी अपने बच्चों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ आंगनबाड़ी देखकर प्रसन्न हैं।

ग्राम अटंग का यह नवीन आंगनबाड़ी भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि भविष्य की नींव है। यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की प्रभावशीलता और ग्रामीण विकास की संभावनाओं का जीवंत उदाहरण है। यहां की मुस्कुराती बाल छवियां यह स्पष्ट करती हैं कि सरकारी योजनाएं जब जमीन पर ईमानदारी से उतरती हैं, तो नौनिहालों का भविष्य सचमुच ''खुशहाल'' बनता है।

## संयंत्रों पर चोरी करने वाला गैंग पकड़ाया,तीन नाबालिग समेत 8 गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,** जिले के सिमगा थानाक्षेत्र के ग्राम चौरेंगा स्थित संयंत्रों में चोरी करने वाले तीन नाबालिग बालक सहित कुल 08 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा ग्राम चौरेंगा स्थित वेरिएंट सोलर पार्क एवं सौर ऊर्जा कृष्णा पावर एंड स्ट्रीप्थ से 4,62,000 कीमत मूल्य का सामान चोरी किया था।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुर्गेश कुमार निवासी ग्राम जोरहाडबरी जिला कोरबा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह वेरिएंट सोलर पार्क ग्राम चौरेंगा में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। दिनांक 22.07.2025 से 23.07.2025 के सुबह 6:30 के मध्य अज्ञात आरोपियों द्वारा सोलर पार्क में पावर सप्लाई हेतु बिछाए गए डीसी केबल वायर, 04 कोर अल्युमिनियम केबल वायर, 05 नग सोलर पैनल एवं 03 नग लोहे का एंगल कुल कीमती 2,88,000 को पार्क के फैनशिंग तार को काटकर रास्ता बनाकर चोरी कर ले गए हैं। वहीं एक अन्य माामले में प्रार्थी लक्ष्मण प्रसाद शुक्ला निवासी गुढ़ियारी जिला रायपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह सौर ऊर्जा कृष्णा पावर एंड स्ट्रीप्थ ग्राम चौरेंगा में इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। कि दिनांक 24.07.2025 के रात्रि से 25.07.2025 के रात्रि 03:00 बजे के मध्य प्लांट से 150 मीटर इनवर्टर केबल एवं कॉपर का अर्थ प्लेट 21 किलोग्राम कुल कीमती 1,74,000 को बाउंड्रीवाल को तोड़कर प्लांट के अंदर से अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी कर ले गए है। दोनों ही मामलो में रिपोर्ट पर थाना सिमगा में धारा 331(4),305ए बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

उपरोक्त प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित जांच विवेचना एवं अज्ञात आरोपियों के संबंध में पतासाजी करते हुए आरोपी सुनील सांवरा एवं 03 अपचारी बालकों सहित कुल 08 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे विस्तृत पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा उक्त दोनों संयंत्रों में रात के अंधेरे में चोरी करना स्वीकार किया गया।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)